भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक का कार्यालय द्वारा पंजीकृत संख्या UTTHIN/2015/66525 E-mail: amarujiyara@gmail.com

# अमर उजियारा

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

वर्ष–7 अंक–10 सोमवार, 28 जून 2021 हल्द्वानी (नैनीताल) मूल्य 5/– रुपया पृष्ठ 8

## संक्षिप्त समाचार

### आगामी विस चुनावों में अपने प्रत्याशी उतारेगी शिवसेना

नैनीताल। शिवसेना राज्य के विधानसभा चुनावों में अपने प्रत्याशी उतारेगी। पार्टी ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को शिवसेना के राज्य प्रमुख गौरव कुमार ने राज्य अतिथि ग्रह बैठक की। उन्होंने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पहाड़ों में बेरोजगारी पलायन बहुत तेजी से हो रहा है। रोजमर्रा कमाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए राज्य में नए पदों को अपने पैर जमाने चाहिए। कहा कि शिवसेना का फोकस राज्य में बेरोजगारी मिटाने व पलायन रोकने पर होगा। उन्होंने कहा कि शिव सेना हमेशा से ही एक दबाव समहू के रूप में काम करती आई है। जिसका फायदा भी जन मानस को हुआ है। उन्होंने राज्य में अपने प्रत्याशियों को उतारने का एलान किया। इस दौरान भोपाल सिंह कार्की, राजेश शाहू, अजय सक्सेना, महेश चंद, मुन्ना लाल,अमर लाल, मनीष, पंकज आर्या आदि मौजूद रहे।

### गरीब किसान के इलाज को पूर्व प्रमुख ने की सहायता

नैनीताल। धारी ब्लॉक के पूर्व ब्लॉक प्रमुख व वरिष्ठ कांग्रेस नेता कृपाल सिंह मेहरा तल्ला रामगढ़ निवासी देवेंद्र कुमार के इलाज के लिए आगे आए हैं। उन्होंने कृष्णा हास्पिटल, हल्द्वानी में भर्ती मरीज गरीब किसान देवेंद्र कुमार को उनके ऑपरेशन के लिए 25 हजार की सहायता की। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद्र टम्टा ने बताया कि देवेंद्र के सिर पर चोट लगी थी। वह काश्तकारी करते हैं। उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। उनकी पत्नी द्वारा सोशल मीडिया में आर्थिक मदद की अपील की थी। जिसे पूर्व प्रमुख ने संज्ञान में लिया और गरीब किसान की मदद की। इसके अलावा वह स्वयं अस्पताल पहुंचे और उन्होंने उनकी कुशलक्षेप भी ली। उनके द्वारा की गई सहायता पर क्षेत्र के लोगों ने सराहना की।

### कोसी में डूबे युवक का दूसरे दिन भी नहीं चला पता

नैनीताल। शनिवार की शाम नावली में पास कोसी नदी में डूबे हल्द्वानी हल्दूचौड़ निवासी रोहित का दूसरे दिन भी पता नहीं चल पाया। एसडीआरएफ की टीम तथा खैरना पुलिस ने रविवार को पूरे दिन नदी में सर्च अभियान चलाया। पर कोई सफलता हाथ नहीं लग पाई। मौके पर पहुंची तहसीलदार बरखा जलाल ने बताया कि सर्च अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीआरएफ की टीम लगातार कोशिश कर रही है। संभवता नदी का बाहव अधिक है इसे देखते हुए नदी के आगे के हिस्सों में भी सर्च अभियान चलाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कोसी नदी में हर साल कई लोग बरसात में नहाते हुए डूब जाते हैं। वहीं स्थानीय लोगों ने प्रशासन से स्थानीय युवाओं को बचाव व राहत की ट्रेनिंग देने की मांग की है। जिससे कि जरूरत के समय स्थानीय युवा किसी डूबते हुए व्यक्ति की मदद कर सकें। साथ ही नदी किनारे चेतावनी बोर्ड भी लगाने की मांग उठाई। बीते 10 सालों में अब तक कोसी नदी में 18 लोग डूब कर अपनी जान गवां चुके हैं।

### ब्रेक फेल होने से पलटी कार, बाल-बाल बचे सवार

नैनीताल। भीमताल-हल्द्वानी मार्ग के चंदादेवी के समीप रविवार की शाम को एक कार के ब्रेक फेल होने से सड़क पर पलट गई। हादसे में कार में सवार चार लोग बाल-बाल बच गए। हादसे से मार्ग पर जाम लग गया, राहगीरों को दिक्कतें हुई। एसओ रमेश बोहरा ने बताया रविवार की शाम भीमताल से हल्द्वानी को जा रही एक कार चंदादेवी के समीप ब्रेक फेल हो गया। चालक ने कार को पहाड़ी की ओर टकरा दी, जिससे गाड़ी सड़क पर पलट गई। उसमें सवार लोगों को कोई चोट नहीं आई है। इससे मार्ग के दोनों ओर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने बताया कि सवार लोग हल्द्वानी लामाचौड़ निवासी थे। पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद यातायात को सामान्य किया। गाड़ी को क्रेन की मदद से सड़क से हटाया गया।

### ट्रांसपोर्ट कारोबारियों को राहत पैकेज दे सरकार

हल्द्वानी। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने रविवार को ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। संस्थापक अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर और कुमाऊं प्रवक्ता हरजीत चड्ढा की अगुवाई में ट्रांसपोर्टर सीएम से मिलने सर्किट हाउस पहुंचे। मांग उठाई कि शहर में अन्तर्राष्ट्रीय बस अड्डे का निर्माण कार्य जल्द कराया जाए। एसटीएच समेत सभी सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था दुरुस्त की जाए। ट्रांसपोर्ट कारोबारियों को राहत पैकेज दिया जाए। ट्रांसपोर्टरों का टैक्स माफ किया जाए और वाहन की आयु सीमा को 2 साल बढ़ाया जाए। ट्रांसपोर्ट कारोबारियों ने पुलिस चालान के नाम पर उत्पीडन किए जाने की भी बात सीएम से कही।

## जम्मू-कश्मीर में शहीद हुए शहीद मंदीप को नम आंखों से दी अंतिम विदाई

अमर उजियारा संवाददाता



पौड़ी। जम्मू-कश्मीर में शहीद हुए पौड़ी के लाल मंदीप सिंह नेगी रविवार को अंतिम विदाई दी गई। इस मौके भारी सख्या में खास और आम लोग अपने जांबाज को अंतिम विदाई देने पहुंचे। जम्मू कश्मीर के गुलमर्ग में सीमा पर अपनी ड्यूटी निभाते हुए 11वीं गढ़वाल राइफल के 23 वर्षीय राइफलमैन मंदीप सिंह नेगी शहीद हो गये थे। रविवार को उनका पार्थिव शरीर उनके गांव पोखड़ा ब्लाक के ग्राम सकनोली पहुंचा। गांव में शहीद राइफलमैन मंदीप सिंह नेगी के पार्थिव शरीर के पहुंचने पर सबकी आंखें नम हो गई। मंदीप की मां हेमन्ती देवी अपने बेटे को तिरंगे से लिपटा देखकर बेसुध होकर गिर पड़ी, ग्रामीणों व एसएसपी पौड़ी पी रेणुका देवी ने उन्हें संभाला। वहीं मंदीप के पिता सत्यपाल सिंह को जहां एक और अपनी मातृभूमि के कर्ज चुकाने पर अपने बेटे की शहादत पर गर्व है, वहीं उनकी आंखों के आंसू बेटे के जाने के गम को बयां कर रहे थे। मंदीप की माता हेमन्ती देवी अपने एकमात्र सहारे का पार्थिव शरीर देखकर खुद को संभाल नहीं पा रही थी और रोते हुए मंदीप से लिपट गयी। बार- बार मंदीप को याद कर उसके बात करने का इंतजार कर रही थी।शहीद राइफलमैन मंदीप सिंह नेगी को श्रद्धांजलि देने पहुंचे सीएम तीरथ सिंह रावत ने मंदीप के माता- पिता को ढांढस बंधाया और मंदीप की शहादत को देश व प्रदेश का गर्व बताया। सीएम के साथ शासकीय प्रवक्ता सुबोध उनियाल, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शहीद राइफलमैन मंदीप के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शहीद मंदीप की शहादत पर शहीद को सैल्यूट किया। श्रद्धांजलि देते हुए मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत की आंखें नम थी। शहीद के गांव सकनोली में क्षेत्रीय ग्रामीण, जनप्रतिनिधि शहीद को श्रद्धांजलि देने पहुंचे और शहीद के पैतृक घाट में शहीद को अंतिम विदाई दी।

## पूर्व सीएम त्रिवेंद्र संग भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

नैनीताल। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्य अतिथि गृह में रेडियो पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनी। पीएम ने नैनीताल के निवासी परितोष द्वारा लिखे पत्र का जिक्र करते हुए कहा उत्तराखंड में जड़ी बूटी की अपार संभावनाएं हैं। पीएम ने पर्यटन के क्षेत्र में होम स्टे को बहुउपयोगी बताया। कहा कि इसे रोजगार के रूप में अपनाकर पलायन की रोकथाम की जा सकती है। इसके बाद प्रदेश के पूर्व सीएम त्रिवेंद्र रावत ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह जड़ी बूटी संरक्षण समेत होम स्टे के संबंध में दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को जागरूक करें। जिससे स्वरोजगार कर वह स्वावलंबी बने तथा स्वयं रोजगार का सृजन करें। पीएम के बीसीसीआई को मान्यता व ओलंपिक संभावनाओं पर भी त्रिवेंद्र रावत कहा कि पहाड़ के युवाओं को भी इसका लाभ उठाना चाहिए। इस मौके पर अध्यक्ष मंडी परिषद मनोज साह, नगर अध्यक्ष आनंद बिष्ट, प्रकाश रावत, गोपाल रावत, अरविंड पडियार, मोहित साह, टुसि ए साह, जीवंती भट्ट, सोनू साह, दीपिका बिनवाल, पूरन मेहरा, दया पोखरिया, अशोक साह, अभय रावत, रोहित भट्ट, आशू उपाध्याय आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक मंडल मंत्री आरती बिष्ट रहीं।सूखाताल का निरीक्षण किया: पूर्व मुख्यमंत्री ने यहां नयना देवी मंदिर में दर्शन किए तथा सूखाताल परिक्षेत्र का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कुमविनि महाप्रबंधक एपी वाजपेयी व प्राधिकरण के परियोजना अधिकारी सीएम साह से सूखाताल झील में होने वाले कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आवश्यक सुझाव देकर दिशानिर्देश भी दिए।

## उत्तराखंड में रोडवेज बसों का किराया 10 रू बढ़ाया जाए

अमर उजियारा संवाददाता



हल्द्वानी। उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन ने लगातार बढ़ती तेल की कीमतों का हवाला देते हुए रोडवेज बसों के किराए में 10रु की वृद्धि की मांग उठाई है। कहा कि इससे संबंधित प्रस्ताव जल्द ही निगम की बोर्ड बैठक में लाया जाए। उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन काठगोदाम डिपो की मासिक बैठक रविवार को काठगोदाम स्थित यूनियन के कार्यालय में हुई। सदस्यों ने सबसे पहले महामंत्री अशोक चौधरी की लंबित जनहित याचिका में हाईकोर्ट द्वारा कर्मचारियों का 04 माह का वेतन देने संबंधी आदेश देने पर आभार जताया। इसे ऐतिहासिक निर्णय करार दिया। इस दौरान कर्मचारियों की डिपो स्तर की समस्या के लिये शाखा के अध्यक्ष/मंत्री व प्रदेश स्तर की समस्या के निराकरण के लिए प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै को अधिकृत किया गया। बैठक में 15 सूत्री मांगें भी रखी गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै और संचालन शाखा मंत्री मनोज भट्ट ने किया। यहां शाखा अध्यक्ष आनंद बिष्ट, प्रदीप शर्मा, शशिकांत गौतम, किशोरी लाल, रेहान अली, मुकेश बुधानी, गुलाम मोइन, अमन कुमार, गुरुबख्श सिंह, वाईपी काम्टे, सुधीर अवस्थी, परमजीत सिंह, सुरेंद्र गहलोत, गुरुप्रीत सिंह, अजय श्रीवास्तव, सर्वजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

## जांच में फर्जीवाड़े

ताज्जुब की बात यह कि मुंबई में जिन दो हजार से ज्यादा लोगों को टीका लगा, उनका कोविन ऐप पर कोई ब्योरा ही नहीं था। न ही इन लोगों को टीकाकरण के तत्काल बाद प्रमाणपत्र दिए गए। इस पूरे मामले का पर्दाफाश भी इसी वजह से हो पाया। अब पता चला है कि टीके भी नकली थे। ऐसा भी बहुत हुआ है कि जिन लोगों ने पंजीकरण नहीं करवाया, उनके नाम से पहले ही टीके लग चुके।टीकाकरण और कोरोना जांच में फर्जीवाड़े की बढ़ती घटनाएं चिंता पैदा करती हैं। अफसोस की बात इसलिए भी है कि सरकारों के तमाम चाकचौबंद बंदोबस्त के दावों के वाबजूद कुछ तत्व लोगों की जान के साथ खिलवाड़ करने में कामयाब हो जा रहे हैं। ताजा घटना मुंबई की है जहां दो हजार से ज्यादा लोगों का फर्जी टीकाकरण कर दिया गया। वहां नौ फर्जी टीकाकरण शिविर चलते रहे और लोगों की जान पर बन आई।हालांकि फर्जी टीकाकरण की घटनाएं देश के अन्य इलाकों से भी आई हैं। लेकिन चिंता और हैरानी की बात इसलिए है कि यह घटना उस महानगर की है जहां हर मामे में पूरी मुस्तैदी के दावे किए जाते रहे हैं। सवाल है कि आखिर फर्जी टीकाकरण शिविर चलते कैसे रहे? क्या बृहन मुंबई महानगर पालिका को इसकी जरा भनक नहीं लगी? टीकाकरण का जिम्मा संभालने वाले आखिर करते क्या रहे? टीकाकरण शिविर कोई छोटा कार्यक्रम तो है नहीं। इससे तो लगता है कि मुंबई जैसे महानगर में भी टीकाकरण कार्यक्रम लापरवाही का शिकार हो चुका है। जो पुलिस लोगों की शिकायतों के बाद हरकत में आई, अगर वह पहले ही से सतर्क रहती तो बड़ी संख्या में लोगों को खतरे में पड़ने से बचाया जा सकता था।गौरतलब है कि टीकाकरण के लिए केंद्र सरकार की ओर से बाकायदा एक निश्चित व्यवस्था निर्धारित की गई है। इसके तहत टीका लगवाने के लिए व्यक्ति को कोविन ऐप के जरिए पंजीकरण कराना पड़ता है। उसके बाद टीका लगाने का दिन और समय तय होता है। साथ ही एक ओटीपी नंबर मिलने की भी व्यवस्था है। इस ओटीपी नंबर को बताने के बाद ही टीकाकरण का प्रमाणपत्र मिल पाता है। पर फर्जीवाड़े ने इस पूरी प्रक्रिया को धता बता दी। जबकि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ही ओटीपी की व्यवस्था बनी थी।ताज्जुब की बात यह कि मुंबई में जिन दो हजार से ज्यादा लोगों को टीका लगा, उनका कोविन ऐप पर कोई ब्योरा ही नहीं था। न ही इन लोगों को टीकाकरण के तत्काल बाद प्रमाणपत्र दिए गए। इस पूरे मामले का पर्दाफाश भी इसी वजह से हो पाया। अब पता चला है कि टीके भी नकली थे। ऐसा भी बहुत हुआ है कि जिन लोगों ने पंजीकरण नहीं करवाया, उनके नाम से पहले ही टीके लग चुके। इन घटनाओं से यह तो साफ हो गया कि टीकाकरण के गोरखधंधे में कई गिरोह पनप गए हैं। टीकों के चोरी होने और भारी रकम ऐंठ कर भी टीके लगाने की घटनाओं ने व्यवस्था की कलई खोल दी है।इसमें कोई संदेह नहीं कि टीकाकरण में फर्जीवाड़े का बड़ा कारण टीकों का पर्याप्त रूप से उपलब्ध न होना है। अब अठारह साल से ऊपर के सभी लोगों का टीकाकरण हो रहा है।







बाथरूम के वॉश बेसिन और रसोई के सिंक में लगे नल पर बार–बार पानी पडने की वजह से काले धब्बे पडने लगते हैं। वैसे तो नल की सफाई बहुत मुश्किल काम नहीं है, लेकिन इसकी नियमित सफाई न करने पर पानी के दाग जिद्दी होने लगते हैं और आसानी से साफ नहीं होते हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिनकी मदद से नल के जिद्दी दागों को आसानी से साफ किया जा सकता है।

सफेद सिरके का करें इस्तेमाल

अगर आप अपने घर के नल की अच्छे से सफाई करना चाहते हैं तो इसके लिए आप सफेद सिरके का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक स्प्रे बोतल को आधा पानी और आधा सिरके से भरकर उन्हें अच्छे से मिलाएं और फिर इन्हें थोड़ी दूरी से पूरे नल पर छिड़कें। इसके बाद नल को 15–20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अंत में एक माइक्रोफाइबर कपड़े से नल को पोंछ दें। यकीनन इससे नल चमक उठेगा।

डिशवॉश लिक्विड आएगा काम

डिशवॉश लिक्विड से भी आप आसानी से नल को साफ कर सकते हैं। इसके लिए पहले एक कटोरी गर्म पानी में एक नींबू का रस और डिशवॉश लिक्विड की दो बूंदें मिलाएं। अब इस घोल में एक स्पंज को भिगोएं और इससे घर के सभी नल को साफ करें। नल के अंदरूनी भागों को साफ करने के लिए पुराने टूथब्रश का इसतेमाल करें। यकीनन इससे आपके घर के सभी नल एकदम चकाचक हो जाएंगे।

नींबू का रस करेगा मदद

नल को अच्छे से साफ करने में नींबू का रस भी आपकी काफी मदद कर सकता है। इसके लिए एक कटोरी पानी में चार बड़ी चम्मच नींबू का रस मिलाएं और फिर इस मिश्रण को एक पुराने ब्रश की मदद से पूरे नल पर लगाकर इसे 25 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अंत में नल को माइक्रोफाइबर कपड़े की मदद से पोंछ दें। यकीनन इससे आपके लिए नल साफ करना आसान होगा।

बेकिंग सोडा भी है कारगर

आमतौर पर खाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाला बेकिंग सोडा भी नल पर लगे दागों को साफ करने में मदद कर सकता है। इसके लिए एक कप गुनगुने पानी में दो चम्मच बेकिंग सोडा पाउडर मिलाएं और फिर इसे एक स्प्रे बोतल में भरकर नल पर छिड़ककर कुछ देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें।

# औषधीय पौधों के संरक्षण और खेती को बढ़ावा दे रही राज्य सरकार





टीना ठाकुर

प्राकृतिक उत्पादों के प्रति लोगों की बढ़ती रूचि के परिणामस्वरूप औषधीय पौधों का अंतरराष्ट्रीय बाजार में महत्व बढ़ा है। औषधीय पौधे स्वदेशी चिकित्सा पद्धति के लिए प्रमुख संसाधन हैं। आयुष प्रणालियों की राष्ट्रीय और विश्व स्तर पर पहुंच और स्वीकार्यता, गुणवत्तापूर्ण औषध ीय पौधों पर आधारित कच्चे माल की निर्बाध उपलब्धता पर निर्भर है, जिससे औषधीय पौधों का व्यापार निरन्तर बढ़ रहा है। हिमाचल समृद्ध जैविक विविध ता से सम्पन्न प्रदेश है। औषधीय पौधों एवं सम्बन्धित गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए राज्य औषधीय पादप बोर्ड प्रदेश में आयुष विभाग के तत्वावधान में कार्य कर रहा है। इसके अन्तर्गत आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण के लिए आर्थिक आवश्यकताओं और औषधीय पौधों की सुगम उपलब्धता पर बल दिया जा रहा है।राज्य सरकार द्वारा औषधीय पौधों के संरक्षण को बढ़ावा देने और किसानों को इन पौधों की खेती करने और उनकी आय में वृद्धि हेतु प्रोत्साहित करने के लिए अनेक नीतियां तैयार कर कार्यान्वित की जा रही हैं। हिमाचल प्रदेश को औषधीय पौधों के केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए, राज्य सरकार राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत औषधीय पौधों की खेती के लिए विभिन्न कृषि–जलवायु क्षेत्रों में किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। इसके लिए विभिन्न किसान समूह बनाए गए हैं। वित्तीय सहायता का लाभ प्राप्त करने के लिए एक किसान समूह के पास कम से कम दो हेक्टेयर भूमि होनी चाहिए। एक किसान समूह में १५ किलोमीटर के दायरे में आने वाले तीन गांव शामिल हो सकते हैं। इन औषधीय पौधों की खेती के लिए गिरवी रखी गई भूमि का भी उपयोग किया जा सकता है। योजना के अन्तर्गत जनवरी २०१८ से अब तक औषधीय पौधों की खेती के लिए ३१८ किसानों को ९९.६८ लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

राष्ट्रीय आयुष मिशन ने राज्य में औषध ीय पौधों की खेती के लिए वर्ष २०१९–२० में लगभग १२८.९४ लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है। इसमें से २५ लाख रुपये एक आदर्श नर्सरी के लिए, १२.५ लाख रुपये दो छोटी नर्सरीज के लिए, ५४.४४ लाख रुपये अतीस, कुटकी, कुठ, शतावरी, स्टीविया और सर्पगंधा की खेती के लिए, २० लाख रुपये ड्राईन्ग शेड एवं भण्डारण गोदाम के निर्माण हेतु और १७ लाख रुपये अन्य व्यय के लिए आवंटित किए गए हैं।

राज्य सरकार ने प्रदेश में औषधीय पौध ों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए जिला मंडी के जोगिंदरनगर, जिला हमीरपुर के नेरी, जिला शिमला के रोहड़ू और जिला बिलासपुर के जंगल झलेड़ा में औषधीय उद्यान स्थापित किए हैं। विभिन्न कृषि–जलवायु क्षेत्रों के अनुसार विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधे इन औषधीय उद्यानों में उगाए जा रहे हैं, जिनका उपयोग अनेक बीमारियों की विभिन्न दवाएं तैयार करने के लिए किया जा रहा है। राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने जिला मण्डी स्थित भारतीय चिकित्सा प्रणाली अनुसंध ान संस्थान जोगिंदरनगर में उत्तरी क्षेत्र क्षेत्रीय के सह–सुविधा केंद्र की स्थापना की है। यह केंद्र पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश सहित छः पड़ोसी उत्तर भारतीय राज्यों में औषधीय पौधों की खेती और संरक्षण को बढ़ावा दे रहा है और राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड के कार्यों का प्रचार–प्रसार कर रहा है।

प्रदेशवासियों में औषधीय पौधों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए प्रथम चरण में दो सप्ताह के लिए पौधरोपण अभियान च्चरक वाटिकाज् चलाया गया, जिसमें ११६७ आयुर्वेदिक संस्थानों में चरक वाटिकाओं की स्थापना की गई और लगभग ११,५२६ पौधे लगाए गए। ७ जून, २०२१ को चरक वाटिका अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ किया गया है।

विविध जलवायु परिस्थितियों वाला राज्य होने के फलस्वरूप प्रदेश के चार कृषि–जलवायु क्षेत्रों में औषधीय पौधों की लगभग ६४० प्रजातियां पाई जाती हैं। जनजातीय जिले–किन्नौर, लाहौल–स्पीति, कुल्लू तथा कांगड़ा व शिमला जिलों के २,५०० मीटर से अधिक की ऊंचाई पर स्थित कुछ क्षेत्रों में अत्यधिक उपयोगी औषधीय पौधों का उत्पादन होता है। इनमें से कुछ में पतीस, बत्सनाभ, अतीस, ट्रेगन, किरमाला, रतनजोत, काला जीरा, केसर, सोमलता, जंगली हींग, चर्मा, खुरसानी अजवायन, पुष्कर मूल, हौवर, धोप, धामनी, नेचनी, नेरी, केजावो, धोप चरेलू, शार्गेर, गग्गर और बुरांश शामिल हैं।प्रदेश सरकार औषधीय पौधों के संरक्षण के लिए पारिस्थितिक क्षेत्र की नियमित निगरानी के अतिरिक्त, विभिन्न प्रजातियों की मूल पारिस्थितिकियों में स्थापना और संरक्षण और भारतीय हिमालयी क्षेत्र के अन्य भागों में इस पद्धति को अपनाने पर बल दे रही है। लोगों में जैव विविध ता मूल्यों के बारे में विभिन्न माध्यमों से जागरूकता उत्पन्न की जा रही है और जैविक संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

# कभी सिंगर थीं तारक मेहता का उल्टा चश्मा की बबीता जी श्मुनमुन दत्ता

तारक मेहता का उल्टा चश्मा में मुनमुन दत्ता बीते 12 सालों से बबीता जी का अहम किरदार निभा रही हैं जिन्हें खूब पसंद किया जा रहा है. और वो भी दर्शकों को खूब मनोरंजन कर रही हैं.

लेकिन क्या आप जानते हैं कि बचपन में मुनमुन दत्ता सिंगर भी रह चुकी हैं और वो बाकायदा आकाशवाणी में गाती भी थीं वो भी बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट. धीरे धीरे मुनमुन दत्ता की दिलचस्पी मॉडलिंग और एक्टिंग में हो गई लिहाजा वो पुणे आ गई और वहीं पर मॉडलिंग से जुड़े फैशन शोज में हिस्सा लेने लगीं. आखिरकार 2004 में उन्हें हम सब बाराती शो में काम करने का मौका मिला और इसी शो में दिलीप जोशी भी थे.



# सीएम ने किया काठगोदाम सर्किट हाउस में 10909.25 लाख के 24 विकास कार्यो का लोकार्पण व शिलान्यास





●शारदा बुलेटिन संवाददाता

हल्द्वानी/देहरादून। मुख्यमंत्री श्री तीरथ सिंह रावत ने सर्किट हाउस काठगोदाम में 10909.25 लाख के 24 विकास कार्यो का लोकार्पण व शिलान्यास वैदिक मंत्रों के बीच किया। विकास कार्यो में 1139.46 लाख की 04 योजनाओं का लोकार्पण एवं 9769.79 लाख की 20 योजनाओं का शिलान्यास किया। इसके उपरान्त सर्किट हाउस सभागार में मुख्यमंत्री श्री तीरथ सिंह रावत ने अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यो के साथ ही कोविड एवं आपदा की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि मानसून काल में आपदा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों का नियमित भ्रमण करें तथा बन्द सडकों को न्यून समय मे खोला जाए तथा किसी प्रकार की आपदा आने पर त्वरित राहत एवं बचाव कार्य किये जांए। उन्होने कहा कि आपदा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित करें तथा जहां-जहां सडके टूटने अथवा धंसने की सम्भावनायें है उन सडकों पर यातायात सुचारू करने हेतु पहले से ही जेसीबी तैनात की जाए ताकि आम जनता को आवागमन मे कोई परेशानी का सामना ना करना पडे। उन्होने पेयजल व विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे मानसून के दौरान विद्युत एवं पेयजल सूचारू रखने हेतु दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों मे अभी से उपकरण अथवा सामग्री स्टोर करें ताकि मानसून के दौरान विद्युत एवं पेयजल बाधित होने पर तत्काल सुचारू किया जा सके। उन्हांने सिचाई विभाग के अधिकारियों के निर्देश दिये कि वे वर्षाकाल में नदियों व बैराजों के जलस्तर पर पैनी नजर रखें तथा बाढ चौकियों को सक्रिय करते हुये नदियों का जलस्तर बढने पर समय-समय पर चेतावनी विभिन्न माध्यमों से जारी करें ताकि जानमाल की हानि को रोका जा सके। जिस पर जिलाधिकारी धीराज सिह गर्ब्याल ने बताया कि जनपद में 17 बाढ चौकियां सक्रिय कर दी गई है जिनमें 24 घंटे काम्रिकां की तैनाती कर दी गई है तथा नदियों के जलस्तर बढने पर नियमित चेतावनी भी दी जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों मे रोस्टर बनाकर अधिक से अधिक कोविड जांच एवं वैक्सीनेशन किया जा रहा है। वैक्सीन की उपलब्धता के अनुसार नियमित वैक्सीनेशन सेन्टरों को बढाया जा रहा है। जनपद मे प्रतिदिन लगभग 15 हजार से अधिक लोगों को कोविड वैक्सीन लगाई जा रही है। मुख्यमंत्री श्री तीरथ सिंह रावत ने कोविड कार्यो की समीक्षा करते निर्देश दिये कि कोविड की तीसरी लहर के लिए सभी तैयारिंयां अभी से कर ली जाए। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे चिकित्सालयों में बच्चा वार्ड मे सारी व्यवस्थायें सुनिश्चित करें तथा आक्सीजन, वैन्टिलेटर, दवायें आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होने कहा कि सभी सीएचसी, पीएचसी में कोविड से सम्बन्धित व्यवस्थायें सुनिश्चित करते हुये उन्हे कोविड केयर सेन्टर के रूप मे विकसित किया जाए ताकि कोविड मरीजों को उनके क्षेत्र में ही तुरन्त उपचार मिल सके। मुख्यमंत्री ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कोविड जांच बढाये जाने के साथ ही जनता को जागरूक करते हुये सभी लोगों का वैक्सीनेशन कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि वृद्ध एवं दिव्यांगों को उनके घर मे जाकर वैक्सीनेशन किया जाए। जिस पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भागीरथी जोशी ने बताया कि जनपद में ब्लाकवार, ग्रामवार रोस्टर बनाकर कोविड जांच एवं वैक्सीनेशन किया जा रहा है। उन्होने बताया कि हम तीसरी कोविड लहर से लडने के लिए तैयार हैं। हमारे पास सभी चिकित्सालयों में पर्याप्त आक्सीजन एवं आक्सीजन सिलेन्डर हैं। प्रत्येक सीएचसी, पीएचसी में पर्याप्त आक्सीजन सिलेन्डर एवं कोविड दवा किट रखी गई हैं। उन्होने बताया कि जनपद में 12 सरकारी बालरोग चिकित्सक तथा प्राइवेट में 17 बालरोग चिकित्सक हैं। हमारे पास 15 सरकारी एम्बुलैंस तथा 108 की 23 एम्बुलैंस कार्यरत हैं। शहरी विकास एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बंशीधर भगत ने कोटाबाग में शीघ्र एक्सरे मशीन सुचारू करने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिये। विधायक संजीव आर्य ने दुरस्थ ब्लाक बेतालघाट चिकित्सालय मे अल्ट्रासाउन्ड व बी.डी. पाण्डे चिकित्सालय नैनीताल में सीटी स्कैन मशीन लगाने के साथ ही तकनीशियन तैनात करने का अनुरोध मुख्यमंत्री से किया। विधायक रामसिह कैडा ने कहा कि ओखलकांडा चिकित्सालय में मुख्यमंत्री द्वारा एक्सरे मशीन लगाने की घोषणा की गई थी, शीध्र एक्सरे मशीन लगाने की मांग की। क्षेत्रीय सांसद अजय भटट ने कोविड वैक्सीनेशन में तेजी लाने के निर्देश दिये साथ ही हल्द्वानी मे 50 बैड का निर्मित आयुर्वेदिक चिकित्सालय के अवशेष धनराशि जारी करने का अनुरोध मुख्यमंत्री से किया। महांपौर डा0 जोगेन्दर पाल सिह रौतेला ने एसटीएच मे कैथ लैब खोलने का अनुरोध किया साथ ही मेयर ने तीनपानी से काठगोदाम तक हल्द्वानी रोड को एनएच से लोनिवि को हस्तांतरित कराने का अनुरोध भी किया। विधायक संजीव आर्य ने राष्टीय राजमार्ग काठगोदाम से नैनीताल तक एनएच द्वारा हाल ही मे डामरीकरण किया गया जो खराब गुणवत्ता के कारण उखड़ गया है। जिस पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी व्यक्त करते हुये मामले की जांच कराने के निर्देश जिलाधिकारी को दिये। मुख्यमंत्री श्री तीरथ सिंह रावत ने जामरानी बांध के अध्यतन कार्यो की जानकारियां ली। जिस पर आयुक्त अरविन्द सिह ह्यांकी ने बताया कि ग्रामवासियों के साथ लगातार बैठकें की जा रही है तथा डूब क्षेत्र में आ रहे परिवारों को विस्थापित करने हेतु उधमसिह नगर के सितारगंज जेल परिसर मे भूमि चिन्हित की गई है ग्रामवासियों चयनित भूमि का भ्रमण कराया गया, ग्रामवासियों ने उक्त भूमि मे जलभराव होने की वजह से वहां भूमि लेने से असहमति व्यक्त की है। क्षेत्रवासियो से लगातार वार्ता की जा रही है एवं भूमि का तलाशी जा रही है। पत्रकारों द्वारा मुख्यमंत्री का बुके एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। पत्रकारो को सम्बोधित करते हुये मुख्यमंत्री श्री रावत ने कोरोना काल के दौरान जिन पत्रकारों की मृत्यु हो गई है, उन्हें श्रद्वांजलि देते हुये उनके परिवार मे से एक सदस्य को उपनल अथवा आउटसोर्सिग के माध्यम से रोजगार देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने रविवार को सर्किट हाउस में स्यूडा बडेत पेयजल योजना 207.35 लाख,पस्तोला पेयजल योजना 50.79 लाख, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चोरगलिया 231.22 लाख,लालकुआ के गोरापडाव मॉल तिराहे से इन्दरपुर-हनुमान मन्दिर होते हुये धनश्याम जोशी- हरिपुर बच्ची के निवास तक मार्ग चौडीकरण लागत 650.10 लाख की योजनाओं का लोकार्पण किया। इसी तरह पाण्डे गांव भांकर मोटरमार्ग का नवनिर्माण 71.20लाख, सेनिटोरियम भवाली के रेडक्रास भवन, क्रियेशन भवन, फिमेल वार्ड, ब्लाक पांच भवन, न्यू सर्जिकल वार्ड व फिमेल वार्ड ब्लाक आठ में 76 बैड स्थापित किये जाने हेतु 367.11 लाख,सयुंक्त चिकित्सालय रामनगर मे आक्सीजन जनरेशन प्लांट एवं सेन्टल आक्सीजन पाईप लाइन की स्थापना 194.54 लाख, हाथीखाल लालकुआं में 200 शैय्यायुक्त उप जिला मल्टीस्पेशलिस्ट चिकित्सालय निर्माण लागत 7289.21 लाख,लालकुआ के अन्तर्गत तेजपुर नेगी, जयपुर बीशा,गंगापुर एवं गंगा रामपुर के आन्तरिक मार्गो का पुर्ननिर्माण 59.01 लाख, लालकुआ के ग्राम पदमपुर देवलिया व सूफीभगवापुर मे नवनिर्माण लागत 53.05 लाख, लालकुआ मे पदमपुर देवलिया के आन्तरिक मार्गो का नवनिर्माण लागत 59.82 लाख,लालकुआ के नारायणपुर कालोनी व तुलारामपुर के आन्तरिक मार्गो का नवनिर्माण लागत 64.84 लाख, लालकुआ के ग्राम सभा धनपुर एवं गंगारामपुर के आन्तरिक मार्गो का नवनिर्माण लागत 71.88 लाख,लालकुआ के फत्ताबंगर पूर्वी के आन्तरिक मार्गो का नवनिर्माण लागत 72.12 लाख,धौलाखेडा व फत्ताबंगर पश्चिम के आन्तरिक मार्गो का नवनिर्माण लागत 67.21 लाख, बिन्दुखत्ता के संजय नगर तीन के आन्तरिक मार्गो का नवनिर्माण लागत 68.26 लाख,बिन्दुखत्ता के राजीव नगर के आन्तरिक मार्गो का नवनिर्माण 52.47,चोरगलिया मे आन्तरिक मार्गो का नवनिर्माण 58.91 लाख,मण्डी हल्द्वानी से तीनपानी मोड तक मार्ग चौडीकरण एवं सुधरीकरण प्रथम चरण 117.99 लाख,तुमडीयाडैम प्रथम एवं तुमडीयाडैम द्वितीय मे 60 मीटर स्पान का सेतु 653.72 लाख,राइका नौकुचियाताल में एक आर्ट एवं क्राफ्ट कक्ष एवं पुस्तकालय कक्ष 40.49 लाख, राइका धौलाखेडा मे आर्ट एवं क्राफ्ट कक्ष एवं पुस्तकालय कक्ष 40.12 लाख,राइका गरगढी मल्ली मे एक कम्प्यूटर कक्ष, एक विज्ञान कक्ष तथा प्रयोगशाला कक्ष 67.84लाख व बन्दर बचाओ जन्म नियंत्रण एवं पुनर्वास केन्द्र दीनाबंगर लागत 200.00 लाख की योजनाओ का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में कृषि व कृषि शिक्षा एवं जनपद प्रभारी मंत्री श्री सुबोध उनियाल,शहरी विकास एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री बंशीधर भगत, सांसद अजय भटट, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, विधायक नवीन दुम्का, संजीव आर्य, रामसिह कैडा, मेयर डा जोगेन्द्र पाल सिह रौतेला,अध्यक्ष मण्डी परिषद मनोज साह, उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग मजरह नईम नवाब,उपाध्यक्ष जिला पंचायत आनन्द सिह दरम्वाल, पूर्व दर्जा मंत्री तरूण बंसल, गजराज बिष्ट, प्रकाश हरबोंला, हेमन्त द्विवेदी, राजेन्द्र सिह बिष्ट, प्रमोद तोलिया, शान्ति भटट, प्रकाश गजरौला, भूवन भटट, सुरेश तिवारी,बहादुर सिह नदगली, डा0 अनिल डब्बू, लक्ष्मण सिह खाती, नीरज बिष्ट, ध्रुव रौतेला, जेडए वारसी के अलावा सचिव मा0 मुख्यमंत्री पराग मधुकर धकाते, आईजी अजय रौतेला, एसएसपी प्रीति प्रियदर्शनी, मुख्य विकास अधिकारी संदीप तिवारी, प्रबन्ध निदेशक केएमवीएन नरेन्द्र सिह भण्डारी,डीएफओ टीआर बीजूलाल, संदीप कुमार, परियोजना निदेशक अजय कुमार, जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी, जिला अर्थसंख्याधिकारी एलएम जोशी, मुख्य अभियन्ता सिचाई संजय शुक्ला सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।

## बाइक नहीं मिलने पर दूल्हे ने तोड़ी शादी

हल्द्वानी। वनभूलपुरा थाना क्षेत्र में दहेज में बाइक नहीं मिलने पर दूल्हे ने शादी तोड़ दी। लड़की के पिता ने दूल्हे समेत तीन लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 26 जून को बिलासपुर जिला रामपुर से आसिफ खां पुत्र रईस खां की बारात वनभूलपुरा लाइन नम्बर 18 में आनी थी। विवाह संबंधी सभी तैयारियां चोरगलिया रोड स्थित बारातघर में हो चुकी थीं। घरवाले और रिश्तेदार शादी को लेकर खुश थे। इसी बीच पता चला कि दूल्हा आसिफ खां, उसके पिता रईस खां और बब्बू खां ने दहेज में मोटरसाइकिल की मांग कर बारात आने से रोक दी। फोन से संपर्क करने पर उन्होंने मांग पूरी न होने पर बारात लाने से इनकार कर दिया। इससे लड़की पक्ष के लोगों में हड़कंप मच गया। बाद में लड़की के पिता अरशद अली ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस में तहरीर दी। कहा कि दूल्हा पक्ष की इस हरकत से पूरे समाज में उनकी बेइज्जती हुई है, इसलिए आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

## सीआरपीएफ जवान से साइबर ठगी ...खाते से 1लाख रूपये उड़ाये

हल्द्वानी। साइबर ठग ने महाराष्ट्र में तैनात एक सीआरपीएफ जवान के खाते से एक लाख रुपये की रकम उड़ा ली। ठगी का एहसास होने पर पीडिघ्त ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार वीरेंद्र पांडे पुत्र गिरीश चंद्र पांडे निवासी मानपुर पश्चिम, देवलचौड़ का भाई सीआरपीएफ में तैनात है। बैंक से लोन लेने के लिए जानकारी जुटा रहा था। इस संबंध में उसने गूगल के माध्यम से एसबीआई के कस्टमर केयर में संपर्क साधने का प्रयास किया, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। इसके बाद एक अज्ञात नम्बर से कॉल आया, जिसने स्वयं को बैंक कर्मचारी बताकर जवान से बैंक खाते के संबंध में पूरी जानकारी ले ली। इसके बाद उसे एक ओटीपी भेजा गया और मोबाइल पर एक ऐप डाउनलोड करने के लिए कहा गया। ऐप डाउनलोड करते ही जवान के बैंक खाते से एक लाख रुपये निकाले जाने का मैसेज आ गया। इस पर उसने फोन करने वाले शख्स से संपर्क साधने का प्रयास किया, लेकिन नंबर बंद मिला। ठगी का एहसास होने पर उसने अपने भाई को इसकी जानकारी दी। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# युवा कांग्रेस की महानगर कार्यकारिणी घोषित

### पार्टी की रीढ़ है युवा कांग्रेसः सतपाल ब्रह्मचारी

हरिद्वार। युवा कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष आकाश भाटी ने कार्यकारिणी का गठन कर पदाधिकारी मनोनीत किए हैं। महानगर अध्यक्ष आकाश भाटी एवं जिला प्रभारी सुमित खन्ना ने नवगठित कार्यकारणी की घोषणा करते हुए बताया कि कार्यकारिणी में ओम चौधरी, दिव्यांश अग्रवाल, मलिक नोमान अंसारी, अनिल ठाकुर,नवाज अब्बासी उपाध्यक्ष, शुभम भारद्वाज, माधव बेदी, सचिन कश्यव, नितिन शर्मा, कन्हैया चंचल, धनीराम शर्मा, अमित राय महासचिव, महानगर सचिव पद पर मनीष सिंह, अमन भाटी, हिमांशु ठाकुर को सचिव मनोनीत किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए पूर्व नगरपालिका चेयरमैन सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि युवा कांग्रेस पार्टी की रीढ़ है। युवा कांग्रेस की सक्रियता से पार्टी मजबूत होगी। पार्टी के समर्पित सभी कार्यकर्ताओं पूरा सम्मान दिया जाएगा। सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष पद पर रहने के दौरान उन्होंने युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। उनके प्रयासों से शहर के सैकड़ों युवाओं को रोजगार



मिला। युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता वरुण बालियान ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों से देश महंगाई व बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। रोजगार की आस लगाए बैठे युवा सरकार की नीतियों से त्रस्त हैं। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रवि बहादुर ने नवगठित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर सरकार की जनविरोधी नीतियों से अवगत कराएं। जिला प्रभारी सुमित खन्ना महानगर अध्यक्ष आकाश भाटी ने कहा कि सभी पदाधिकारी जनता के बीच जाकर कांग्रेस की नीतियों का प्रचार प्रसार करें। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में युवा कांग्रेस अहम भूमिका निभाएगी। कार्यकर्ताओं की सभी समस्याओं का समाधान कराने के लिए पदाधिकारी सदैव तत्पर रहेंगे। पार्षद प्रतिनिधि शहाबुद्दीन अंसारी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की डबल इंजन सरकार की नीतियों से परेशान जनता 2022 में भाजपा को सबक सिखएगी। महानगर अध्यक्ष उपाध्यक्ष मनोनीत किए गए नोमान अंसारी ने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गयी है। उसका निष्ठापूर्वक पालन करते हुए पार्टी संगठन को मजबूत बनाया जाएगा। 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए जनता के बीच जाकर भाजपा की जनविरोधी नीतियों से अवगत कराया जाएगा। इस अवसर पर अनिल चौधरी, नितिन यादव यदुवंशी, तरुण व्यास, दीपक पांडे, अमरदीप रोशन, नीरव साहू, नितिन तेश्वर, एकलव्य गोस्वामी, सनी मल्होत्रा, सतेंद्र बिष्ट, सचिन जॉन, पार्षद महावीर वशिष्ठ, ऋषभ वशिष्ठ, अमन शर्मा, शाहनवाज कुरैशी, चंद्रशेखर चौधरी, याज्ञिक वर्मा, करण सिंह राणा, प्रशांत शर्मा, शिवम गिरी, शिवम जोशी, अमनप्रीत सिंह, लकी महाजन, कैश खुराना, सुमित त्यागी, हिमांशु बहुगुणा, संजीव सहगल, अमित चंचल, पुनीत आहूजा, रिंकू महेंद्रु आदि उपस्थित रहे।

## सक्षम ने मनायी दिव्यांगो की आदर्श हेलन केलर की जयंती

हरिद्वार। विश्व भर के दिव्यांगो के लिए आदर्श व प्रेरणा की स्रोत अमेरिका में जन्मी हेलन केलर की जयंती ऋषिकुल आयुर्वेदिक कालेज के प्रांगण में दिव्यांग स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाई गई। सक्षम संस्था के प्रदेश सचिव ललित पंत के निर्देश एवं जिला अध्यक्ष जगदीश लाल पाहवा के संयोजन में आयोजित हेलन केलर जयंती समारोह के मुख्य अतिथि बाल कल्याण न्यायपीठ हरिद्वार के चेयरपर्सन विनोद कुमार शर्मा रहे और संचालन समाजसेवी संजय वर्मा ने किया। इस अवसर पर दिव्यांग नेत्रहीन बालिका नंदनी ने हेलन केलर के जीवन और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मूक, बधिर तथा नेत्रहीन हेलन केलर ने अपने संघर्ष से विश्व में जो मुकाम बनाया वह सदैव हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा। सक्षम के प्रांत सचिव ललित पंत ने दिव्यांगो के लिए सक्षम संस्था के कार्यों और उद्देश्यो से अवगत कराया। जिला अध्यक्ष जगदीश लाल पाहवा ने कहा कि सक्षम संस्था इक्कीस प्रकार की दिव्यांगता निवारण के लिए कार्य और मदद करती हैं और दिव्यांगो को सशक्त और समर्थ बनाती हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में समारोह के मुख्य अतिथि बाल कल्याण न्यायपीठ हरिद्वार के चेयरपर्सन विनोद कुमार



शर्मा ने कहा कि दिव्यांगता अभिशाप नहीं है। ईश्वर किसी व्यक्ति में कोई कमी करते हैं। तो उसमे कोई न कोई विशेष गुण जरूर रोपित कर देते हैं। उन्होंने ने कहा कि सक्षम संस्था दिव्यांगता निवारण के क्षेत्र में जो काम कर रही है वह प्रशंसनीय है। इस अवसर पर विमल गर्ग, देशराज, दीपक छाछर, आकाश कुमार आदि ने अपने विचार प्रकट किये। सक्षम जिला ईकाई हरिद्वार के माध्यम से राष्ट्रीय योजना स्केन के अन्तर्गत दिव्यांगो शंकर, काशी राम, विरेन्द्र, राजेन्द्र आदि को राशन किट वितरित की गई। सक्षम के प्रांत सचिव ललित पंत की ओर से दिव्यांग नेत्रहीन बालिका नंदनी को प्रतिमाह एक हजार रुपये की आर्थिक मदद के अन्तर्गत एक हजार रुपये नकद दिये गए। साथ ही नेत्रहीन दिव्यांग होने के बावजूद संगीत, शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योग्यता प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

## वैक्सीन लगवाने को लोगों को जागरूक करें वकील

हरिद्वार। विपरीत परिस्थितियों में भी कार्यकर्ताओं को संगठन बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। जिसमें अधिवक्ता परिषद उत्तर प्रदेश/उत्तराखंड इकाई नए वकीलों को विधि के विषयों से अवगत कराने का कार्य कर रही है। अधिवक्ता परिषद की मेरठ प्रांत वर्चुअल बैठक में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय मंत्री/प्रयागराज हाईकोर्ट के अधिवक्ता सत्यप्रकाश राय ने कहा कि मेरठ व उत्तराखंड प्रान्त प्रदेश में ही नहीं पूरे राष्ट्र के लिए प्रेरणा का कार्य कर रहे हैं। विधि से संबंधित यहां कई इकाइयां नियमित कार्य कर रही है, जिसके लिए कार्यकर्ता और कार्य अनुकरणीय है। इस महामारी में प्रकृति ने एक सन्देश दिया है कि हमें प्रकृति की ओर लौटना होगा। अधिवक्ता परिषद अपने 25 वर्ष पूरे कर चुका है। पूरे देश में जो न्यायप्रवाह के सदस्यों की संख्या है उससे कई गुणा उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड की है, इसके लिए मेरठ प्रान्त बधाई का पात्र हैं। वर्तमान में हमें परिषद की दृष्टि व लक्ष्य को समझना होगा। जिलों में होने वाले कार्यक्रमों को हमें तहसील स्तर तक ले जाने की जरूरत है। परिषद वकीलों का संगठन नहीं, वकीलों के लिए संगठन है। न्याय केंद्र के उद्देश्य को समझकर हमें अधिक ध्यान देने की जरूरत है। जिससे समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक निशुल्क न्याय पहुंच सके। कोरोना वैक्सीन के लिए भी हमें लोगों को जागरूक करना चाहिए, जिससे सभी इस महामारी से अपना बचाव कर सकें।

## बैकलाग के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग की

बैकलाग के रिक्त पदों पर जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू करे सरकारः नवीन चंचल

हरिद्वार। आम आदमी पार्टी नेता नवीन चंचल एडवोकेट ने सरकार से मांग की है कि प्रदेश में सरकारी विभागों में रिक्त चले आ रहे बैकलाग के पदों पर भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएं। ताकि युवाओं को रोजगार मिल सके। पुल जटवाड़ा ज्वालापुर में बेरोजगार युवाओं के साथ एक बैठक की गई। बैठक में डिग्री व डिप्लोमा धारक तथा अन्य बेरोजगार युवाओं ने बैकलाग के पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कराये जाने को लेकर अपने–अपने विचार रखे व आगे की रणनीति पर मंथन किया गया।। बैठक में मौजूद आप नेता नवीन चंचल ने कहा कि उत्तराखंड प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या हर सरकार के शासनकाल में बढ़ती गई हैं। बेरोजगार युवाओं को रोजगार मुहैया कराने को लेकर सरकार का रवैया उदासीन भरा रहा है। जिस कारण प्रशिक्षित बेरोजगार व अन्य बेरोजगार संगठनों को कई मर्तबा सरकारी विभागों में रिक्त पड़े हजारों पदों पर भर्ती को लेकर धरने, प्रदर्शन तक करने को मजबूर होना पड़ा है। राज्य में रोजगार पर कोई ठोस नीति नहीं होने से बेरोजगार युवा पलायन करने को मजबूर हैं। बैकलाग के पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू होने से कुछ हद तक बेरोजगार युवाओं को राहत मिलेगी। बीपीएड बेरोजगार संघ के महामंत्री अनिल कुमार ने कहा कि अभ्यर्थियों को परीक्षा में प्राप्त अंकों के प्रतिशत के आधार पर अयोग्य ठहरा दिये जाने से उस पद पर अभ्यर्थी का चयन नहीं हो पाता और वह पद बैकलाग हो जाता हैं। ऐसे मानकों से भी बैकलाग का ग्राफ बढ़ा है। बेरोजगार युवाओं को डर है कि सरकार बैकलाग के रिक्त पदों को समाप्त कर सकती है। जिससे कई युवाओं का सरकारी नौकरी मिलने का सपना टूट सकता हैं। सरकार को बैकलाग पदों पर भर्ती को लेकर जल्द ही कोई निर्णय लेना चाहिए। बैठक में नवीन चंचल, अनिल कुमार, तेजपाल, विविध कुमार, विकास कुमार, संदीप कुमार, विपिन कुमार, अरूण कुमार, पंकज, सोनू उपस्थित रहे।

## भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए कार्यकर्ताओं का स्वागत किया

हरिद्वार। रानीपुर विधानसभा क्षेत्र के कई भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल व प्रदेश महासचिव डा.संजय पालीवाल ने भाजपा छोड़कर आए सभी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की सदस्यता दिलायी और फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। महानगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कांग्रेस में शामिल हुए सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि समाज के सभी वर्गो के हित कांग्रेस में ही सुरक्षित हैं। भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों के चलते महंगाई निरंतर बढ़ रही है। जिससे आमजनमानस में निराश है। प्रदेश की जनता का रूझान कांग्रेस के प्रति बढ़ रहा है। प्रदेश महासचिव डा.संजय पालीवाल ने कहा कि भाजपा छोड़कर आए सभी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस में पूरा सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि महंगाई खत्म करने, अच्छे दिन लाने जैसे लोकलुभावन वादे कर सत्ता में आयी मोदी सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। प्रदेश सचिव जटाशंकर श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की डबल इंजन सरकार से जनता का मोहभंग हो रहा है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस व अन्य जरूरी चीजों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। बेरोजगारी व महंगाई आसमान छू रही है। जनता को राहत देने के बजाए भाजपा सरकार पूंजीपतियों के हित साधने में लगी है। उन्होंने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भारी बहुमत से चुनाव जीतकर प्रदेश में सरकार बनाएगी। सरकार बनने पर विधानसभा क्षेत्र के पूर्वाचली समाज की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। नगर अध्यक्ष यशवंत सैनी व श्रमिक नेता राजबीर सिंह चौहान ने बताया कि दीपगंगा अपार्टमेंट अध्यक्ष कुबेर नाथ वर्मा, उपेंद्र श्रीवास्तव, शिवालिक नगर भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, अजय ठाकुर, आशीष कुमार, गणेश पांडे आदि भाजपा की नीतियों से आजित आकर कांग्रेस में शामिल हो गए। यशवंत सैनी ने कहा कि आने वाले समय में कई भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल होंगे। स्वागत करने वालों में कैलाश प्रधान, बीएस तेजयान, रवि कश्यप, शैलेंद्र सिंह एडवोकेट, शुभम अग्रवाल, वीरेंद्र भारद्वाज आदि सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

# प्रेमिका की हत्या कर शव जंगल में जलाया, दो माह बाद हुआ खुलासा

देहरादून। राजपुर थाना क्षेत्र में प्रेमी ने अपनी प्रेमिका की हत्या कर शव खुद जंगल में ले जाकर जला दिया। दो महीनों तक जब युवती ने अपने घर पर बात नहीं की तो तब स्वजनों को शक हुआ। स्वजनों ने जब आरोपित से पूछताछ की तो उसने कहा कि युवती की छत से गिरकर मौत हो गई थी, बाद में उसने खुद उसका अंतिम संस्कार कर दिया। राजपुर थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ हत्या व साक्ष्य छुपाने का मुकदमा दर्ज कर लिया है।लड़की के पिता ने लगाए थे आरोप: 25 जून को देहरादून नगर कोतवाली में क्वार्टर नम्बर 04-2 छोरा अस्पताल , बहला पुलिस स्टेशन अंडाल वर्थमन, पश्चिम बंगाल निवासी हलधर मुखर्जी ने एक शिकायती प्रार्थना दिया। इसमें कहा गया था कि उनकी बेटी निवेदिता मुखर्जी पहले दिल्ली में नौकरी करती थी और बाद में वह जाखन देहरादून आ गई । निवेदिता मुखर्जी अक्टूबर 2020 में अंकित कुमार के सम्पर्क में आयी। वह देहरादून में चुक्खू मोहल्ला नेशविला रोड देहरादून में निशा गहलोत के यहां पेइंग गेस्ट हाउस में रहती थी। अंकित चौधरी पुत्र जगपाल चौधरी निवासी फन्दपुरी , सहारनपुर उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। वह देहरादून में मैटेरियल सप्लाई व ऑनलाईन नौकरी का कार्य करता है। बताया कि अंकित कुमार के साथ उनकी बेटी के प्रेम संबंध थे। वह उससे शादी



करना चाहती थी। वह लगातार अंकित कुमार के संपर्क में थी। निवेदिता की उसकी माता से अंतिम बार 28 अप्रैल 2021 को मोबाइल से बात हुई थी। उसके बाद से कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है।उन्होंने बताया कि इतने लंबे समय तक कोई संपर्क स्थापित न होने की स्थिति में परिवार के सारे लोग परेशान थे। उससे लगातार संपर्क का प्रयास किया जा रहा था। काफी प्रयास करने के बाद अंकित कुमार से फेसबुक पर संपर्क हुआ। जब उससे निवेदिता के संबंध में जानकारी मांगी तो उसने बताया कि उसकी मृत्यु हो चुकी है। अंकित ने बताया कि निवेदिता को सिर में दर्द रहता था तथा वह तनाव में थी। एक दिन अचानक वह फ्लैट से गिर गई और उसकी मृत्यु हो गयी। जब अंकित से पूछा कि इस घटना के बाद उन्हें और पुलिस को त्वरित सूचना क्यो नहीं दी और पोस्टमार्टम भी क्यो नही करवाया। तो अंकित ने बताया कि निवेदिता की मृत्यु की घटना के बाद वह बहुत डर गया था। इसलिए पुलिस और परिवार को सूचना नहीं दी। अंकित ने यह भी बताया कि उसने निवेदिता की मृत्यु के बाद स्वयं ही उसका अन्तिम संस्कार कर दिया।रिपोर्ट में कहा गया कि उनकी बेटी निवेदिता मुखर्जी चक्खू मोहल्ला देहरादून में पेइंग गेस्ट के रूप मे रह रही थी। वहां से जनवरी 2021 में अंकित कुमार स्वयं को उसका पति बताकर उसे अपने साथ लेकर चला गया था। अंकित ने पुराने पेइंग गेस्ट से रिलीज कराने के बाद निवेदिता को दूसरे पेइंग गेस्ट शिफ्ट कर दिया था। इसकी उन्हें जानकारी नही है। उन्होंने पुलिस से मौत की वास्तविक घटना की जांच करने की मांग की।अंकित ने किया ये खुलासा: घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी नगर व क्षेत्राधिकारी डालनवाला के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम को अंकित कुमार चौधरी पुत्र जगपाल निवासी फन्दपुरी, थाना नकुड़, जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश को हिरासत में लिया और देहरादून लाया गया। अंकित कुमार से ने बताया कि वह और निवेदिता लगभग 8 महीने से एक दूसरे को जानते थे। तथा शादी करना चाहते थे। पहले निवेदिता मुखर्जी उपरोक्त चुक्खूवाला में चकराता रोड के पास रहती थी, जो 24 अप्रैल 2021 को उसके पास फ्लैट न०-306 रायल होम स्टे ढ्ढरूस् कालेज के पास राजपुर रोड देहरादून रहने के लिये आ गयी थी।ये बताया घटनाक्रम: उसने बताया कि 28 अप्रैल 2021 की रात्रि 12.00 बजे के आस -पास वह बालकॉनी की ग्रिल पर बैठी थी। अचानक नीचे गिर गई। जब वह दौड़कर नीचे गया तो देखा कि निवेदिता का एक हाथ टूट गया था तथा उसके सिर में चोट लगी थी। नाक से खून बह रहा था। कुछ देर बाद निवेदिता मुखर्जी की सांसे बन्द हो गयी और उसकी मौत हो चुकी थी। इसे देखकर वह घबरा गया। उसके शव को उसने गाड़ी की डिग्गी में रखा। इसके बाद फ्लैट के नीचे चल रहे निर्माण कार्य वाले स्थल से कुछ लकडियां अपनी गाड़ी की डिक्की में भर ली। शव को मसूरी की तरफ काफी दूर ले गया। मसूरी रोड पर एक सुनसान स्थान पर उसने गाड़ी से पेट्रोल निकाल कर निवेदिता के शव को जला दिया। शव खाई में फेंक दिया। उसके बाद वह वापस देहरादून से सहारनपुर अपने गांव चला गया।शव और सामान किया बरामद : इसके बाद पुलिस अंकित कुमार चौधरी को लेकर थाना राजपुर ले गई। लड़की के पिता की तहरीर के आधार पर उसके धारा 302/201 में मुकदमा दर्ज किया गया। अंकित कुमार के कब्जे से निवेदिता मुखर्जी के दो मोबाईल, आइडी कार्ड बरामद किए गए। पुलिस टीम ने अंकित कुमार की निशानदेही पर निवेदिता मुखर्जी का शव मसूरी किमाड़ी मार्ग पर खाई से सड़ी गली अवस्था में बरामद किया।

# हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणीं के बाद शासन में खलबली

देहरादून। रोडवेज कर्मचारियों को चार माह से वेतन न मिलने के मामले में हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणीं को लेकर शासन में खलबली मच गई। सूत्रों ने बताया कि परिवहन और वित्त विभाग के अधिकारियों ने आनन-फानन में रोडवेज प्रबंधन के साथ संपर्क कर दो माह के वेतन बिल बनाने के निर्देश दिए। जिसके बाद रोडवेज मुख्यालय ने सभी मंडलों और डिपो अधिकारियों को पत्र भेज फरवरी और मार्च के वेतन के बिल मुख्यालय भेजने का आदेश दे दिया। माना जा रहा कि हाईकोर्ट की अगली सुनवाई से पूर्व सरकार रोडवेज कर्मचारियों को दो माह का वेतन और जारी कर सकती है। कोरोना काल के बाद से रोडवेज में वेतन के लिए लाले पड़े हुए हैं। पिछले वर्ष मार्च से दिसंबर तक का वेतन भी राज्य सरकार से मिली मदद के जरिये किया गया, जबकि इस वर्ष जनवरी का वेतन पिछले सप्ताह ही सरकार से मिले 20 करोड़ रूपये की मदद पर किया गया। मौजूदा समय में प्रबंधन पर फरवरी से मई तक यानी चार माह का वेतन लंबित है जबकि जून के खत्म होने ही पांच माह का वेतन लंबित हो जाएगा। इस बीच शनिवार को नैनीताल हाईकोर्ट ने उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन की याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार को आदेश दिया कि आपात कैबिनेट बुलाकर कर्मचारियों के वेतन पर फैसला लिया जाए। इतना ही नहीं हाईकोर्ट ने वित्त एवं परिवहन सचिव समेत आइएएस अधिकारियों का वेतन रोकने की चेतावनी दी तो इसका पता चलते ही शासन में खलबली मच गई। विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश को लेकर शासन के उच्चाधिकारियों की आपात बैठक हुई और अगली सुनवाई से पहले मामले का ठोस हल निकालने पर चर्चा हुई। इसी दौरान तय हुआ कि रोडवेज को फौरी मदद के तौर पर इतनी धनराशि दी जाए, जिससे वह दो माह का वेतन और दे सके। इसी क्रम में फरवरी व मार्च के वेतन बिल मांगे गए हैं। उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रांतीय महामंत्री अशोक चौधरी का कहना है कि हमें माननीय न्यायालय पर पूरा भरोसा है। न्यायालय भी कर्मचारियों व उनके परिवारों की दयनीय स्थिति को लेकर चिंता कर रहा है, ये हमारे लिए यही सबसे बड़ी बात है। कोरोना काल में खुद की परवाह किए बगैर रोडवेज कर्मचारियों ने दिन-रात डयूटी करते हुए प्रवासी को लाने और ले जाने का काम किया। इसके बावजूद कर्मचारियों को पांच माह तक वेतन नहीं मिल रहा, खुद सोचिए कैसे चलेगा हमारा परिवार। कोरोना होने के कारण रोडवेज के 25 से ज्यादा कर्मचारियों की मृत्यु हो गई। कर्मचारियों को वेतन मिल रहा, न ही सेवानिवृत्त कर्मचारियों को देयक का भुगतान हो रहा। बच्चों की पढ़ाई, शादी तक में रुकावट आ गई। उधार लेकर घर के खर्चे पूरे किए जा रहे। कर्मचारी यूनियन को पूरा यकीन है कि न्यायालय कर्मचारियों के साथ न्याय करेगा व सरकार भी न्यायालय के आदेश का पालन करेगी।

# आमदनी अठ्ठन्नी खर्चा रूपया मुहावरे को सार्थक कर रहीं स्मार्ट इलेक्ट्रिक बस

## पांच स्मार्ट बसों पर दो माह में लगभग 38 लाख रुपये खर्च , कमाई 11 लाख रू

देहरादून। स्मार्ट सिटी कंपनी के तहत शहर में संचालित की जा रही स्मार्ट इलेक्ट्रिक बस जबरदस्त घाटे का सौदा साबित हो रहीं। बीती 21 फरवरी से आइएसबीटी-राजपुर मार्ग पर चलाई गई पांच स्मार्ट बसों पर दो माह में लगभग 38 लाख रुपये खर्च आया, जबकि कमाई 11 लाख हुई। यानि कमाई से तीन गुना ज्यादा धनराशि इनके संचालन पर खर्च हुई। स्मार्ट सिटी कंपनी की ओर से इस खर्च की एवज में बस संचालन कर रही कंपनी को 32.34 लाख रुपये का भुगतान भी कर दिया। ऐसे में स्मार्ट बस के संचालन की उपयोगिता पर सवाल उठ रहे हैं। सिटी बस सेवा महासंघ ने इनका संचालन शहर के बाहरी मार्गों पर करने की मांग की है।शहर को प्रदूषणमुक्त करने, आरामदायक सफर और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के मकसद से गत 21 फरवरी को मुख्यमंत्री ने दून शहर में स्मार्ट सिटी की ओर से पांच लो-फ्लोर इलेक्ट्रिक स्मार्ट बसों के संचालन को हरी झंडी दिखाई थी। बस संचालन की जिम्मेदारी मैसर्स एवरी ट्रांस कंपनी के पास है। स्मार्ट सिटी कंपनी एवं मैसर्स एवरी ट्रांस में पीपीपी मोड में करार है। जिसके अंतर्गत बस भी मैसर्स एवरी ट्रांस उपलब्ध कराएगी और संचालन की पूरी जिम्मेदारी संभालेगी। इस एवज में स्मार्ट सिटी कंपनी की ओर से मैसर्स एवरी ट्रांस को 66.78 रुपये की प्रति किमी दर से भुगतान किया जाएगा। बस पर चालक कंपनी के हैं, जबकि परिचालक को परिवहन निगम ने उपलब्ध कराया हुआ है। शहर में कुल 30 स्मार्ट बस संचालित होनी हैं। पहले चरण में 21 फरवरी से पांच बसों का संचालन आइएसबीटी-राजपुर मार्ग पर शुरू किया गया था। सूचना के अधिकार के तहत सिटी बस सेवा महासंघ को मिली जानकारी में पता चला कि 21 फरवरी से 25 अप्रैल तक इन पांच बसों ने 55825 किमी यात्रा की। फिर 26 अप्रैल से कोविड कर्फ्यू के कारण बसों का संचालन बंद हो गया था। स्मार्ट सिटी कंपनी ने जानकारी दी है कि संचालन शुरू होने के बाद से 25 अप्रैल तक दो माह की अवधि में इन बसों पर कुल 37 लाख 67 हजार 649 रुपये का खर्च आया है। मैसर्स एवरी ट्रांस ने स्मार्ट सिटी कंपनी को भुगतान के लिए इसका बिल भेजा था। स्मार्ट सिटी कंपनी ने 15 अप्रैल तक संचालन की एवज में कुल 32 लाख 34 हजार 244 रुपये का भुगतान मैसर्स एवरी ट्रांस को कर दिया है।स्मार्ट सिटी कंपनी पर पांच लाख 33 हजार 405 रुपये बकाया हैं। दो माह में इन बसों ने यात्री किराये के रूप में केवल 11 लाख 14 हजार 705 रुपये की कमाई की। सिटी बस सेवा महासंघ के अध्यक्ष विजय वधन डंडरियाल ने आरोप लगाया कि स्मार्ट बसों को सिर्फ सिटी बसों का वजूद समाप्त करने के मकसद से चलाया गया। अगर यह इसी तरह घाटे में चलती रहीं तो केंद्र सरकार की ओर से स्मार्ट सिटी के अंतर्गत मिलने वाला बजट इन्हीं बसों पर खर्च हो जाएगा। इनकी समीक्षा के बगैर कंपनी ने पांच बसें रायपुर मार्ग पर और संचालित कर दीं।विक्रम व ई-रिक्शा हैं घाटे का कारण : स्मार्ट इलेक्ट्रिक बस के घाटे का असल कारण विक्रम व ई-रिक्शा माने जा रहे हैं। इन्हीं की वजह से सिटी बस भी बेहद घाटे में चल रहीं। विक्रम को ठेका परमिट मिला हुआ है, इसके बावजूद ये स्टेज कैरिज के तहत अवैध रूप से संचालित हो रहे। मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार विक्रम केवल गैराज टू गैराज चल सकते हैं, यानी फुटकर सवारी नहीं ले सकते। इसके बावजूद शहर में नियमों को रौंदकर वर्षों से फुटकर सवारी के साथ विक्रम दौड़ रहे। इसी वजह से हर मार्ग पर घाटा होने पर 304 में से 90 सिटी बसों के परमिट सरेंडर चल रहे। अब बाकी कसर ई-रिक्शा ने पूरी कर दी। पुलिस और परिवहन विभाग ने ई-रिक्शा के लिए मार्ग तय हुए हैं। नियमानुसार यह शहर के मुख्य मार्गों पर नहीं बल्कि अंदरूनी मार्गों पर चल सकते हैं, लेकिन ये भी बेधड़क मुख्य मार्गों पर दौड़ रहे। जब तक विक्रम एवं ई-रिक्शा का संचालन तय नियमानुसार नहीं होगा तब तक स्मार्ट बसों का घाटा कम नहीं होगा।

# जेल कार्मिकों और कैदियों के मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने को कार्ययोजना बनाने की तैयारी

देहरादून। प्रदेश सरकार अब जेल कार्मिकों और कैदियों के मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के लिए कार्ययोजना बनाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए नेशनल इंस्टीट्यूट आफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरोसाइंसेज (निमहान्स) द्वारा तैयार हैंडबुक की मदद ली जा रही है। कोरोना काल के दौरान जेल और अन्य सुधार गृहों पर खासा असर पड़ा है। यहां जेल प्रशासन व संबंधित विभागों को कोरोना महामारी की रोकथाम के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। देखने में आया है कि जेल में कैदियों को अवसाद व तनाव का सामना करना पड़ा है। इन्हें खुद को बचाने के साथ ही स्वजन की चिंता भी लगी रही। इससे उनका मानसिक स्वास्थ काफी प्रभावित हुआ। वहीं, कार्मिकों ने भी कोरोना काल में काफी तनाव में काम किया। उन्हें कैदियों पर नजर रखने के साथ ही संक्रमण से स्वयं के साथ ही स्वजन को बचाने की चिंता भी रही। इस दौरान उपजे माहौल के कारण उन्हें मानसिक तनाव का सामना करना पड़ा। इसे देखते हुए गृह मंत्रालय ने निमहान्स के साथ मिलकर जेल कार्मिकों व कैदियों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर एक गाइडलाइन तैयार करने का अनुरोध किया। निमहान्स ने अब दो हैंडबुक तैयार की हैं। इसमें कैदियों व कार्मिकों को तनाव व अवसाद से बाहर निकालने के लिए उपाय सुझाए गए हैं।

# बिंदु संस्था ने तीसरा चिकित्सा शिविर आयोजित किया

नई टिहरी। बिन्दु संस्था ने प्रतापनगर विधानसभा के तहत भदूरा पट्टी के सेमधर गांव में तीसरे निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में सवा सौ से अधिक लोगों को स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाओं का वितरण किया गया। बिंदु संस्था के संस्थापक सदस्य सीए राजेश्वर पैन्यूली ने कहा कि शिविर में लोगों ने जमकर स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। आम लोगों को कोरोना काल में शिविर का लाभ मिला है। आयोजित चिकित्सा शिविर को लेकर पैन्यूली ने जानकारी देते हुये यह भी बताया कि रविवार को सेमधार मुख्य बाजार में आयोजित इस शिविर का शुभारंभ सौड़ गांव की प्रधान रीना के करकमलों से करवाया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## नशे का प्रचलन देश और समाज के लिए घातक

रुडकी। पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड की पहल पर जनता सहभागिता से अंतर्राष्ट्रीय ड्रग दिवस पर नशा मुक्त अभियान के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कस्बा समेत आसपास में चल रहे मेडिकल स्वामियों ने शिरकत की। कार्यशाला में भगवानपुर थाना प्रभारी पीडी भट्ट ने कहा कि आज युवाओं में नशे का प्रचलन बहुत ज्यादा हो चुका है, जो कि देश और समाज के लिए घातक सिद्ध हो रहा है। यह चिंता का विषय है। साथ ही उन्होंने सभी से अनुरोध करते हुए कहा कि मेडिकल स्वामी किसी भी प्रकार की नशे से संबंधित दवाई को न बेचें। यदि किसी के पास इस तरह के कोई भी सामग्री पाई जाती है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्यशाला में मौजूद फार्मेसिस्ट दीपक सैनी ने अपने सुझाव रखते बताया कि कोई भी मेडिकल संचालक पैसे के लालच में किसी भी तरह की नशीली दवाई की बिक्री न करें, जिससे लोगों के घर बर्बाद होने से भी बचें रहे। वहीं थानाध्यक्ष पीडी भट्ट ने युवाओं से भी आग्रह किया कि नशे की लत से दूर रहें और अपने परिवार को भी बचाएं। इस मौके पर जयकुमार, दीपक कुमार, हसीब, वसीम, मोनू कुमार, विक्रम, अनुज कुमार समेत 50 से अधिक मेडिकल स्वामी भी उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता

रुडकी। करीब एक सप्ताह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई युवती के बारे में कोई सुराग न लग पाने पर परिजनों ने एक युवक पर संदेह जाहिर करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। जिसके आधार पर पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 21 जून की सुबह उसकी 23 वर्षीय पुत्री संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने आसपस उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों तथा अन्य रिश्तेदारों ने उसे तलाश करने के लिए सभी रिश्तेदारों तथा अन्य स्थानों पर संपर्क किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। तहरीर में कहा गया है कि उन्हें संदेह है कि एक युवक उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। इस संबंध में पुलिस ने पीडिघ्त पक्ष की तहरीर पर संदेह के आधार पर नामजद किए गए अंकित के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर यशपाल सिंह बिष्ट का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है। पुलिस जांच का कार्य शुरू कर चुकी है, जल्द ही युवती को सकुशल बरामद कर मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। मामले की विवेचना शहर चौकी प्रभारी शहजाद अली को सौंपी गई है।

## मंदिर से चोरी में दो आरोपी गिरफ्तार

रुडकी। क्षेत्र के गांव स्थित बालाजी मंदिर से अज्ञात चोरों द्वारा 2 दिन पूर्व दानपात्र से रुपये, घंटा, म्यूजिक सिस्टम और विद्युत केबल आदि चोरी कर लिए। मामले में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने दो लोगों को चोरी के सामान सहित गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। थाना क्षेत्र के गांव खजूरी स्थित बालाजी मंदिर से दानपात्र तोड़ कर कुछ रुपये, घंटा, विद्युत केबल तथा म्यूजिक सिस्टम की अज्ञात द्वारा चोरी की तहरीर सचिन त्यागी ने देते हुए कार्यवाही की मांग की थी। थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि मामले में गांव के ही अनमोल और अंकुश को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो मंदिर में चोरी किया गया सभी सामान अनमोल के घर से बरामद हुआ। दोनों को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया गया है।

## मेयर ने किया पैच वर्क का निरीक्षण

रुडकी। नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत टूटी और गड्ढा युक्त सड़कों की मरम्मत का कार्य मेन बाजार से रामपुर रोड तक पूरा कराने के लिए मेयर गौरव गोयल ने मौके पर जाकर पैच वर्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेयर गौरव गोयल ने सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने हेतु किए जा रहे कार्य पर असंतोष व्यक्त किया। हल्की सामग्री का प्रयोग तथा कार्य में लापरवाही के चलते मेयर गौरव गोयल ने कार्य में लगे ठेकेदार को गुणवत्ता का पूरा ध्यान देने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की अनियमितताएं अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सभी सड़कों की मरम्मत का कार्य मेयर गौरव गोयल ने शीघ्र पूरा कराने का आश्वासन दिया।

## आकाश उपमंडल अध्यक्ष व माणिक्य उपमंडल सचिव नियुक्त

रुडकी। रोट्रेक्ट मंडल ने वर्ष 2021-22 के लिए रोट्रेक्ट मंडल अध्यक्ष शुभम गोयल व डीआरसीसी मोहित सिंगला द्वारा जोन-7 में रुड़की के आकाश जैन को उप मंडल अध्यक्ष व माणिक्य वाधवा को उप मंडल सचिव नियुक्त किया। एक जुलाई से दोनों अपना पदभार संभालेंगे। पूर्व सह मंडल अध्यक्ष विजय अरोड़ा ने बताया कि जोन-7 में रुड़की, हरिद्वार, ऋषिकेश, देहरादून, मसूरी के सभी रोट्रेक्ट क्लब आते हैं। आकाश जैन उप मंडल अध्यक्ष व माणिक्य वाधवा उप मंडल सचिव इन सभी क्षेत्रों में आने वाले क्लब के प्रतिनिधित्व करेंगे। आकाश जैन व माणिक्य वाधवा ने कहा जो हमें जिम्मेदारी मिली है हम पूर्ण निष्ठा से पूर्ण करेंगे। पूर्व रोटरी गवर्नर हेमन अरोड़ा, मनमोहन शर्मा, रवि प्रकाश, मुजीब मलिक, नमन बंसल, रमेश रावल, अक्षय प्रताप, रोट्रेक्ट क्लब रुड़की मिडटाउन के अध्यक्ष चेतन तायल व क्लब जेनेसिस के अध्यक्ष चिराग ठाकुर ने शुभकामनाएं दी।

# कोरोना जांच घोटाले के खिलाफ कांग्रेसियों का विरोध प्रदर्शन

रुडकी। हरिद्वार महाकुंभ में हुए कोरोना जांच घोटाले में घोटाले के आरोपियों को सजा दिए जाने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान सरकार के इस्तीफे की मांग भी कांग्रेसियों ने की। रुड़की महानगर कांग्रेस अध्यक्ष कलीमखान के नेतृत्व में रुड़की के चंद्रशेखर चौक पर भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान महानगर अध्यक्ष कलीम खान ने कहा कि महाकुंभ में हुए कोरोना जांच घोटाले की उच्च स्तरीय जांच की जानी चाहिए। इसके साथ ही जांच में दोषी पाए जाने वाले आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रदेश महासचिव यशपाल राणा ने कहा कि महाकुंभ में घोटालों का भाजपा का पुराना इतिहास रहा है। 2010 महाकुंभ में बड़े घोटाले भाजपा सरकार द्वारा किए गए। इसके साथ ही इस बार भाजपा सरकार ने महामारी को हथियार बनाते हुए कोरोना जांच घोटाले को अंजाम दिया है। उन्होंने कहा कि नैतिकता के आधार पर भाजपा सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष दिनेश कौशिक ने कहा कि भाजपा सरकार इस घोटाले में पूरी तरह लिप्त है। यदि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती तो कांग्रेस सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में राज्य सरकार पूरी तरह फेल रही है सरकार को आम जनता से कोई सरोकार नहीं है। इस मौके पर पूर्व मंत्री राम सिंह सैनी, विशाल शर्मा, विशाल वर्मा, मुनेश त्यागी, उमेद गाजी, श्रवण गोस्वामी, नरेश प्रिंस, भूषण त्यागी, राजपाल, श्याम सिंह नगयान, कमलेश कुमार, सुशील कश्यप, डॉ. मतउर रहमान, विक्रांत प्रजापति, अब्दुल कादिर, सुजल कौशिक, प्रमोद भटनागर, राहुल सैनी, सीताराम, संजय कश्यप, ओमवीर प्रजापति, भारत भूषण शर्मा, सूरज नेगी, मकसूद हसन, पीपी त्यागी, सुभाष शर्मा, मुब्बिशर, सालिम, सरफराज, कुर्बान, अजीम, चंद्रभान स्नेही, आमिर खान, आरिफ खान, कारी नावेद, विनोद सैनी, महिपाल सिंह चौहान आदि कांग्रेसी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विवाहिता की मौत में महिला सहित चार के खिलाफ हत्या का केस दर्ज

रुडकी। नारसन क्षेत्र के गांव उल्हेड़ा में शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई महिला की मौत के संबंध में मायके वालों ने विवाहिता को दहेज के लिए प्रताडिघ्त करने तथा उसकी हत्या के जाने के आरोप लगाए गए हैं। इस संबंध में महिला के मायके वालों की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने एक महिला सहित कुल चार आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। शनिवार को नारसन क्षेत्र के गांव उल्हेड़ा निवासी विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया था। इस संबंध में महिला के मायके वालों की ओर से रोहित कुमार पुत्र सतपाल निवासी ग्राम लहबोली कोतवाली मंगलौर की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई कि उसकी बहन सविता को आरोपी दहेज के लिए प्रताडिघ्त करते थे तथा आरोपियों ने उसका गला घोट कर उसकी हत्या कर दी, क्योंकि वह दहेज की मांग पूरी नहीं कर पा रही थी। इस संबंध में पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों मोहन सोहन चमन तथा मिथिलेश सभी निवासी ग्राम उलहेडा नारसन कोतवाली मंगलौर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। मामले की विवेचना स्वयं प्रभारी निरीक्षक यशपाल सिंह बिष्ट कर रहे हैं। उनका कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु के कारणों का पता चलेगा जिसके बाद मुकदमे में अन्य धाराओं को भी बढ़ाया जा सकता है मामले की गंभीरता पूर्वक जांच की जा रही है।

# ब्रह्मलीन संतों को भूसमाधि देने के लिए स्थान उपलब्ध कराए सरकार: महंत शुभम गिरी

हरिद्वार। समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महंत शुभम गिरी ने सरकार से ब्रह्मलीन होने वाले साधु संतों को भूसमाधि देने के लिए स्थान उपलब्ध कराने की मांग की है। प्रैस को जारी बयान में शुभम गिरी ने कहा कि हरिद्वार धर्मनगरी में बड़ी सख्या में साधु संत निवास करते हैं। लेकिन ब्रह्मलीन होने वाले संतों को भूसमाधि देने के लिए कोई स्थान नही होने के कारण मजबूरन संतों को जल समाधि देनी पड़ती है। गंगा प्रदूषित ना हो इसे देखेत हुए उत्तराखंड सरकार को साधु संतों को भूमि समाधि देने के लिए स्थान उपलब्ध कराना चाहिए।महंत शुभम गिरी ने कहा कि हरिद्वार के संत समाज द्वारा लंबे समय से संतों को भूसमाधि देने के लिए स्थान उपलब्ध कराने की मांग की जा रही है। मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत को संत समाज की मांग पर गंभीरता से विचार करते हुए जल्द से जल्द भूसमाधि के लिए स्थान उपलब्ध करानी चाहिए। ताकि ब्रह्मलीन होने पर संतों को जल समाधि के बजाए भूसमाधि दी जा सको उन्होंने कहा कि पूर्व में प्रदेश में जितनी भी सरकारें रही सभी से भूसमाधि के लिए स्थान उपलब्ध कराने की मांग की गयी। लेकिन संत समाज की यह मांग आज तक पूरी नहीं हो पायी है। सपा नेता एवं युवा संत महंत शुभम गिरी ने उत्तराखंड सरकार से अपील की है कि उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग से एक भूमि आवंटित करवा कर साधु संतों के लिए भू समाधि स्थल के लिए उपलब्ध करायी जाए।



# ड्यूटी से लौट रहे फैक्ट्री कर्मी के साथ मारपीट

रुडकी। ड्यूटी से लौट रहे एक फैक्ट्री कर्मी को घेरकर चार अज्ञात बदमाशों ने मारपीट कर दी। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। इस संबंध में पीडिघ्त द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने 4 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।किशन पाल पुत्र शिवराज सिंह, निवासी शांति विहार सुनहरा रोड रुड़की ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह क्षेत्र की एक फैक्ट्री में नौकरी करता है। 19 जून की शाम को वह ड्यूटी खत्म कर बाइक ये घर लौट रहा था।

# मैंने और मेरी मां ने दोनों डोज लगवा लिए, आप भी लगवाएं वैक्सीन प्रधानमंत्री

## मन की बात में पीएम मोदी ने किया अफवाहों पर वार

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी 27 अप्रैल को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 78वें एपिसोड के माध्यम से देश को संबोधित कर रहे हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने महान एथलीट दिवंगत मिल्खा सिंह को याद करते हुए उनके साथ बिताए अपने समय को याद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मिल्खा सिंह जैसे लिजेंण्ड एथलीट को कौन भूल सकता है। कुछ दिन पहले ही कोरोना ने उन्हें हमसे छीन लिया। वो खेल को लेकर इतना समर्पित और भावुक थे कि बीमारी में भी उन्होंने तुरंत ही इसके लिए हामी भर दी लेकिन, दुर्भाग्य से नियति को कुछ और मंजूर था। जब वे अस्पताल में थे, तो मुझे उनसे बात करने का अवसर मिला था। बात करते हुए मैंने उनसे आग्रह किया था। मैंने कहा था कि आपने तो 1964 में टोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, इसलिए इस बार, जब हमारे खिलाड़ी, ओलंपिक के लिए टोक्यो जा रहे हैं, तो आपको हमारे एथलिट्स का मनोबल बढ़ाना है, उन्हें अपने संदेश से प्रेरित करना है। इस दौरान उन्होंने कोरोना महामारी पर चर्चा की। इसके साथ ही पीएम मोदी ने वैक्सीन से जुड़े कई मुद्दों पर भी चर्चा की। पीएम मोदी ने हाल ही में एक दिन में सर्वाधिक वैक्सीनेशन के रिकॉर्ड की चर्चा की और मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के निवासी एक ग्रामीण से बात की और वैक्सीनेशन को लेकर पूछा। ग्रामीण के टीका न लगवाने की बात सुन पीएम मोदी ने कहा कि मैं और मेरी माता ने वैक्सीन की दोनों डोज लगवा ली हैं। आप भी वैक्सीन लगवाएं। पीएम मोदी ने कहा कि यदि कोई ये कह रहा कि कोरोना चला गया तो भ्रम में मत रहिए। ये बहुरुपिया बीमारी है।पीएम मोदी ने कहा कि इससे बचाव के दो रास्ते हैं। एक वैक्सीन लगवाएं और दूसरा मास्क लगाएं और अन्य प्रोटोकॉल का पालन करें। उन्होंने ग्रामीणों से बात करते हुए सभी से यह कहने की अपील किया कि जब भी आपका नंबर आए, वैक्सीन जरूर लगवाएं। पीएम ने गांव में चरंटीन सेंटर बनाए जाने, अन्य प्रोटोकॉल बनाने का जिक्र करते हुए गांवों की सराहना की और कहा कि गांव के हर एक व्यक्ति को वैक्सीन लग जाए। हमें सुस्त नहीं पडना है। किसी भ्रांति में नहीं रहना है।पीएम मोदी ने जल संरक्षण की चर्चा की और उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल के शिक्षक भारती की चर्चा करते हुए उनकी तारीफ की। पीएम ने कहा



कि गांव के खेतों में मेड़ बनाए और इससे पानी बचा। हमें इनसे प्रेरणा लेकर पानी बचाना चाहिए। मॉनसून के इस मौसम में हमें पानी को बर्बाद नहीं होने देना चाहिए। पीएम ने आयुर्वेद की भी चर्चा की। पीएम ने उत्तराखंड के पारितोष के गिलोय को लेकर पत्र और मध्य प्रदेश के राम लोटन कुशवाहा की चर्चा की और कहा कि स्थानीय वनष्पतियों के माध्यम से आपके क्षेत्र की पहचान भी बढ़ेगी और आय का नया स्रोत भी मिलेगा।पीएम मोदी ने 1 जुलाई को डॉक्टर्स डे की चर्चा करते हुए पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉक्टर बिधान चंद्र रॉय को याद किया। पीएम मोदी ने डॉक्टर्स की सेवा की सराहना करते हुए कहा कि कुछ लोग हैं जो डॉक्टर्स की मदद के लिए भी काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने गुरुप्रसाद महापात्रा को भी याद किया और कहा कि वे कोरोना संक्रमण के दौरान भी वे खुद की परवाह किए बिना कई मोर्चों पर लड़ते रहे। पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना के कारण जान गंवाने वाले हर व्यक्ति को श्रद्धांजलि होगी कि हम कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करें और वैक्सीन जरूर लगवाएं।पीएम मोदी ने गुरुप्रसाद का पत्र पढ़ा जो तमिलनाडु के लिए उनकी ओर से कही गई बातों को लेकर तैयार की गई ई–बुक को लेकर था। पीएम ने खुद को तमिल संस्कृति का बड़ा प्रशंसक बताया और कहा कि गुरुप्रसाद की इस ई बुक को नमो एप पर अपलोड करूंगा। पीएम मोदी ने इंडिया फर्स्ट का मंत्र दिया और कहा कि हमारे हर फैसले का यही आधार होना चाहिए। पीएम मोदी ने युवा लेखकों की तारीफ करते हुए कहा कि 20वीं और 21वीं सदी में जन्में युवा भी 19वीं सदी के स्वतंत्रता संग्राम को लेकर जानकारी जुटा रहे हैं, लिख रहे हैं। पीएम ने अमृत महोत्सव से जुडने की भी देशवासियों से अपील की।

मन की बात कार्यक्रम को सीधे प्रसारण के माध्यम से आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चौनलों पर भी देखा और सुना जा सकेगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से इसे क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को क्षेत्रीय भाषाओं में रात आठ बजे फिर से सुना जा सकता है।

## कोविशील्ड, कोवैक्सीन अला–बीटा–गामा–डेल्टा वैरिएंट के खिलाफ कारगर भार्गव

नई दिल्ली। आईसीएमआर के महानिदेशक बलराम भार्गव ने कहा कि कोविशील्ड और कोवैक्सीन सार्स–सीओवी–2 के अल्फा, बीटा, गामा और डेल्टा वैरिएंट के खिलाफ कारगर है, जबकि डेल्टा के खिलाफ उनकी प्रभावशीलता डेल्टा प्लस वैरिएंट की टेस्टिंग की जा रही है। भार्गव ने उल्लेख किया कि कई वैरिएंट वाले टीकों की न्यूट्रलाइजेशन क्षमताओं में कमी वैश्विक साहित्य पर आधारित है, जिससे पता चलता है कि कोवैक्सिन अल्फा वैरिएंट के साथ बिल्कुल भी नहीं बदलता है और इसलिए यह वैसा ही है जैसा कि स्टैंडर्ड स्ट्रेन के साथ होता है।कोविशील्ड अल्फा से 2.5 गुना कम हो जाता है।डेल्टा वैरिएंट के लिए कोवैक्सीन प्रभावी है, लेकिन एंटीबॉडी प्रतिक्रिया तीन गुना कम हो जाता है।भार्गव ने कहा, कोविशील्ड के लिए, यह दो गुना कमी है, जबकि फाइजर और मॉडर्न में यह सात गुना कमी है।उन्होंने कहा कि कोविशील्ड और कोवैक्सीन सार्स–कोविड–2 – अल्फा, बीटा, गामा और डेल्टा के वैरिएंट के खिलाफ कारगर हैं।भार्गव के अनुसार, डेल्टा प्लस वैरिएंट को भी आईसीएमआर–एनआईवी में पृथक और संवर्धित किया गया है और डेल्टा प्लस वैरिएंट पर टीके के प्रभाव की जांच के लिए प्रयोगशाला में टेस्ट किया गया है।उन्होंने कहा, हमें ये परिणाम सात से 10 दिनों में मिलने चाहिए कि क्या टीका डेल्टा प्लस वैरिएंट के खिलाफ काम कर रहा है।भार्गव ने यह भी कहा कि कोविड –19 की दूसरी लहर अभी खत्म नहीं हुई है और बताया कि तीसरी लहर को रोकना संभव है बशर्ते व्यक्ति और समाज कोविड के उचित व्यवहार का पालन करें।उन्होंने सुझाव दिया कि लोगों को सामूहिक रूप से इकट्ठा होने से बचना चाहिए, मास्क का सही और लगातार उपयोग करना चाहिए और किसी भी संकेतक हॉटस्पॉट की तुरंत पहचान करने की आवश्यकता है।

## एयरफोर्स स्टेशन पर 5 मिनट में दो बड़े धामाके, पूरा इलाका सील– एनआईए और एनएसजी करेगी जांच

जम्मू । जम्मू एयरपोर्ट के अत्यधिक सुरक्षा वाले तकनीकी क्षेत्र में बीती देर रात 5 मिनट के अंतराल में 2 बड़े विस्फोट हुए। जानकारी के अनुसार धमाके की आवाज सुनाई देने के बाद हड़कंप मच गया। सूत्रों की मानें तो धमाका इतना जोरदार था कि करीब एक किमी का इलाका थर्रा गया। अधिकारियों की मानें तो फिलहाल पुलिस, बम डिस्पोजल स्क्वॅड और फॉरेंसिक टीम मौके पर मौजूद है। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट देर रात करीब सवा 2 बजे हुए। पहले विस्फोट के कारण एक इमारत की छत ढह गई और दूसरा विस्फोट जमीन पर हुआ। थोड़ी ही देर में एनआईए और एनएसजी की टीम भी एयरफोर्स स्टेशन पर पहुंचकर जांच–पड़ताल करेगी। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने इलाके को कुछ ही मिनटों में सील कर दिया। वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस और फॉरेंसिक विशेषज्ञ घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। इसमें किसी के हताहत होने की तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली थी। इस मामले पर अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। जम्मू एयरबेस के पास ही यह टेक्निकल इलाका पड़ता है, जहां विस्फोट के लिए दो ड्रोन का इस्तेमाल किया गया है। बताया जा रहा है कि जम्मू एयरपोर्ट के टेक्निकल एरिया में धमाके की आवाज सुनाई दी जिसके बाद वहां अफरा तफरी का माहौल है। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू एयरपोर्ट के टेक्निकल एरिया में यह विस्फोट करीब शनिवार देर रात 1.40 बजे हुई। शुरुआती आकलन में किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। इस बीच जम्मू–कश्मीर पुलिस ने आज सुबह नरवाल इलाके से एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है, जिसके पास 5 किलो आईईडी बरामद हुआ है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है. इससे पहले शनिवार को श्रीनगर के बर्बर शाह में सीआरपीएफ पार्टी पर ग्रेनेड से हमला हुआ था। इस ग्रेनेड हमले में 3 नागरिक घायल हो गए, जिनको तुरंत इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है। इस हमले में एक नागरिक की मौत भी हो गई है। वहीं दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के हाजीपोरा इलाके में शुक्रवार को आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में एक आतंकी को मार गिराया गया जबकि लश्कर के दूसरे आतंकवादी ने मुठभेड़ के दौरान सरेंडर कर दिया था। आतंकी के पास से एके 56 राइफल बरामद की गई थी।

## यूपी और उत्तराखंड के विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी बसपा मायावती

लखनऊ। अगले साल होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले सियासी गठजोड़ की खबरें आनी शुरू हो गई हैं। यूपी में आगामी विधानसभा चुनाव औवेसी की पार्टी एआईएमआईएम और बसपा मिलकर लड़ेगी। इन कयासों के बीच बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष और यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने स्पष्ट किया है कि उत्तर प्रदेश और उत्तरांखड के विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी बीएसपी अकेले चुनाव मैदान में उतरेगी। मायावती ने रविवार सुबह ट्वीट कर लिखा कि मीडिया में कल से यह खबर प्रसारित की जा रही है कि यूपी में आगामी विधानसभा आमचुनाव औवेसी की पार्टी व बीएसपी मिलकर लड़ेगी। यह खबर पूर्णतरू गलत, भ्रामक व तथ्यहीन है। इसमें रत्तीभर भी सच्चाई नहीं है तथा बीएसपी खण्डन करती है।

मायावती ने आगे लिखा कि वैसे इस सम्बन्ध में पार्टी द्वारा फिरसे यह स्पष्ट किया जाता है कि पंजाब को छोड़कर, यूपी व उत्तराखण्ड प्रदेश में 2022 में विधानसभा का यह आमचुनाव बीएसपी किसी भी पार्टी के साथ कोई भी गठबन्धन करके नहीं लड़ेगी यानि अकेले ही लड़ेगी।मायावती ने कहा कि बीएसपी के बारे में इस किस्म की मनगढ़ंत व भ्रमित करने वाली खबरों को खास ध्यान में रखकर ही अब बीएसपी के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद सतीश चन्द्र मिश्र को बीएसपी मीडिया सेल का राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर बना दिया गया है। साथ ही, मीडिया से भी यह अपील है कि वे बहुजन समाज पार्टी व पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष आदि के सम्बन्ध में इस किस्म की भ्रमित करने वाली अन्य कोई भी गलत खबर लिखने, दिखाने व छापने से पहले एससी मिश्र से उस सम्बंध में सही जानकारी जरूर प्राप्त कर लें।वहीं मायावती ने विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को दुरुस्त करने की कवायद तेज कर दी है। वह स्वयं प्रत्येक मंडल की समीक्षा कर रही हैं। मुख्य सेक्टर प्रभारियों को माह के अंत तक बूथ स्तर तक संगठन को दुरुस्त करने को कहा है, जिससे अगले दो महीनों में विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी जाएं। बसपा सुप्रीमो के निर्देश पर संगठन को बूथ स्तर तक गठन करने की दिशा में काम शुरू कर दिया गया है।

## ईडी ने अवैध कोयला तस्करी मामले में 6 करोड़ रुपये की संपत्ति की कुर्क

नई दिल्ली । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि उसने अवैध कोयला खनन के संबंध में वेस्ट एंड पिगमेंट एंड केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स देशप्रान प्रॉपर्टीज लिमिटेड के संयुक्त स्वामित्व वाली 6 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। संपत्ति को अवैध कोयला खदान मामले के संबंध में कुर्क किया गया है, जो कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की युवा शाखा के नेता विनय मिश्रा से जुड़ी हुई है।

ईडी के एक अधिकारी ने कहा कि उसने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कोलकाता में दोनों कंपनियों के संयुक्त स्वामित्व वाले 6 करोड़ रुपये के एक भूखंड (प्लॉट) को कुर्क किया है।

अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि इस संपत्ति की खरीद के लिए 6 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि एलटीबी इंफ्राकंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के खाते से ट्रांसफर की गई थी।अधिकारी ने कहा, आगे की जांच के दौरान यह पाया गया कि उक्त फंड का स्रोत अपराध की आय से था, जिसे एलटीबी इन्फ्राकंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के बैंक खातों में नकद में जमा किया गया था, जिसके मालिक विनय मिश्रा और विकास मिश्रा हैं।

इससे पहले, वित्तीय जांच एजेंसी ने मामले के संबंध में दिल्ली–एनसीआर और कोलकाता में 46 अलग–अलग स्थानों पर तलाशी ली थी।

अधिकारी ने कहा कि ईडी द्वारा अब तक की गई जांच के परिणाम के आधार पर, अपराध की कुल 1,352 करोड़ रुपये की आय का पता चला है, जिसमें से एजेंसी ने पहले 165.86 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को कुर्क किया था।उन्होंने कहा, इस कुर्की के साथ इस मामले में कुल कुर्की 171.86 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है।

# जुलाई में इस दिन रिलीज हो सकती है कॉमेडी ड्रामा फिल्म हंगामा 2



कोरोना महामारी के कारण कई बड़ी फिल्मों ने थिएटर छोड़ ओटीटी का रास्ता चुना है। बॉलीवुड के जाने–माने निर्देशक प्रियदर्शन की फिल्म हंगामा 2 भी इसी फेहरिस्त में शुमार है। इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। पिछले दिनों खबर आई थी कि यह फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर जुलाई में रिलीज होने वाली है। अब इसकी रिलीज डेट भी सामने आ गई है। आइए जानते हैं कॉमेडी से भरपूर हंगामा 2 दर्शकों के बीच कब आएगी। रिपोर्ट के मुताबिक हंगामा 2 16 जुलाई को रिलीज हो रही है, जबकि 1 जुलाई को इसका ट्रेलर रिलीज होगा। अब इस खबर से फिल्म का इंतजार कर रहे दर्शक बेशक फूले नहीं समाएंगे। हाल ही में फिल्म के को–प्रोड्यूसर रतन जैन ने बताया था कि फिल्म जुलाई में रिलीज होने वाली है, लेकिन उन्होंने डेट की घोषणा नहीं की थी। जैन ने इतना जरूर कहा था कि फिल्म की रिलीज डेट जल्द ही सबके सामने होगी।इससे पहले अपने एक बयान में रतन जैन ने कहा था, फिल्म हंगामा 2 इस साल ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज के लिए तैयार है। इसका मकसद मुश्किल समय में दर्शकों का मनोरंजन करना है और उनका उत्साह बनाए रखना है। यह एक मजेदार फिल्म है, जिससे सभी उम्र के लोगों को मनोरंजन होगा। उन्होंने कहा था, हमने इस फिल्म को बहुत प्यार से बनाया है और हमें पूरा भरोसा है कि यह दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान लाएगी। बता दें कि हंगामा 2, 2003 में रिलीज हुई फिल्म हंगामा का सीक्वल है। इसमें शिल्पा शेट्टी, परेश रावल और मिजान जाफरी अहम भूमिका निभा रहे हैं। प्रणिता सुभाष भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। कहा जा रहा है कि हंगामा 2 में अभिनेता अक्षय खन्ना मेहमान भूमिका में होंगे। हालांकि, उनका किरदार महत्वपूर्ण होगा। फिल्म में आशुतोष राणा, मनोज जोशी, राजपाल यादव, जॉनी लीवर और टिकू तल्सानिया भी कॉमेडी का तड़का लगाएंगे। हंगामा की बात करें तो 2003 में आई कॉमेडी से भरपूर यह फिल्म सुपरहिट साबित हुई थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी–खासी कमाई की थी। इस फिल्म में अक्षय, परेश रावल, आफताब शिवदासानी, रिमी सेन, शक्ति कपूर, राजपाल यादव, सोमा आनंद, मनोज जोशी, उपासना सिंह और राजपाल यादव जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। यह फिल्म आज भी लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है। अब देखना है कि हंगामा 2 बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन करती है।

# जैकी भगनानी के प्रोडक्शन की रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगी श्रद्धा कपूर



श्रद्धा कपूर बॉलीवुड में किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। वह मौजूदा दौर की सबसे व्यस्त अभिनेत्रियों में शामिल हैं। इस साल वह कई बड़ी फिल्मों को लेकर चर्चा में रही हैं। अब खबरों की मानें तो श्रद्धा के खाते में एक और फिल्म जुड़ गई है। बताया जा रहा है कि वह जैकी भगनानी के प्रोडक्शन के बैनर तले बनने वाली अगली फिल्म में नजर आ सकती हैं। यह एक रोमांटिक फिल्म होगी, जिसमें श्रद्धा मुख्य भूमिका में दिखेंगी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि श्रद्धा ने भगनानी की आगामी फिल्म को साइन कर लिया है। खबरों की मानें तो श्रद्धा पिछले कई महीने से मेकर्स से बातचीत में लगी थी। अब उन्होंने फिल्म में काम करने के लिए अपनी सहमति दे दी है। फिल्म का निर्माण भगनानी की प्रोडक्शन कंपनी पूजा एंटरटेनमेंट करेगी। लव रंजन की अनटाइटल फिल्म और चालबाज इन लंदन के बाद यह श्रद्धा की एक और रोमांटिक फिल्म होगी। सूत्र ने बताया कि श्रद्धा पिछले साल से कई फिल्मों पर भगनानी के साथ बातचीत में लगी थी, लेकिन योजना के हिसाब से काम नहीं हो पाया था। बताया जा रहा है कि अब श्रद्धा को फिल्म की स्क्रिप्ट पसंद आई है। यदि सबकुछ प्लान के मुताबिक चला तो फिल्म की शूटिंग इस साल शुरू हो सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह मुदस्सर अजीज की फिल्म हो सकती है, जिसे भगनानी बनाने में सहयोग करेंगे।सूत्र ने कहा, फिल्म में श्रद्धा और राजकुमार राव फिर से स्क्रीन पर साथ दिखेंगे। यह एक कॉमेडी फिल्म होगी, लेकिन इसके जरिए हल्के–फुल्के अंदाज में एक मजबूत संदेश दिया जाएगा। श्रद्धा ने निश्चित रूप से भगनानी की फिल्म के लिए अपनी इच्छा जताई है, लेकिन हम पूरे तौर पर आश्वस्त नहीं हो सकते। सूत्र ने बताया कि काफी समय से श्रद्धा और राजकुमार को साथ लेकर भगनानी एक प्रोजेक्ट पर काम करना चाहते थे। श्रद्धा इस साल अपनी फिल्म स्त्री 2 में नजर आ सकती हैं। फिल्म में उनके साथ राजकुमार दिखेंगे। यह फिल्म इसी साल रिलीज हो सकती है। वह अपनी आगामी फिल्म नागिन को लेकर भी काफी समय से सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसमें श्रद्धा की भूमिका थोड़ी अलग और चुनौतीपूर्ण होगी। इस फिल्म में श्रद्धा नागिन की भूमिका को पर्दे पर निभाते दिखेंगी। वह लव की आगामी फिल्म में रणबीर कपूर के साथ दिखने वाली हैं।

# सइयां जी ने पार किए 40 करोड़ व्यूज, नुसरत ने दी प्रतिक्रिया

यो यो हनी सिंह के नए ट्रैक सइयां जी ने यूट्यूब पर 40 करोड़ व्यूज पार कर लिए हैं। वीडियो में रैपर के साथ अभिनेत्री नुसरत भरूचा भी डांस करती नजर आई हैं। नुसरत इस मौके पर कहती हैं, सइयां जी का 40 करोड़ व्यूज पार करना मेरे लिए वाकई में एक खास पल है। हनी सिंह सर और मैंने अब तक जिन भी गानों पर काम किया है, उन्हें काफी अच्छी प्रतिक्रियाएं मिली हैं, लेकिन हमारे पहले किसी सिंगल का इस बुलंदी पर पहुंचना मेरे लिए काफी बड़ी बात है।गाने को जनवरी में रिलीज किया गया है। नुसरत और हनी सिंह की जोड़ी का कमाल इससे पहले छोटे छोटे पेग और दिल चोरी जैसे गानों में दिख चुका है।गाने को लेकर नुसरत कहती हैं, यह एक खास सहयोग रहा क्योंकि यह किसी फिल्म का हिस्सा नहीं, बल्कि एक सिंगल रहा। इसमें फिल्म के किसी किरदार की बात नहीं की गई। इसकी अपनी एक अनूठी शैली थी और एक कलाकार के तौर पर किसी ऐसे चरित्र की तह तक पहुंच जाना काफी रोमांचक है, जो असल जिंदगी में आपके बिल्कुल विपरीत हो। गाने की पूरी शूटिंग, इसके लोकेशन और टीम ने मेरे अनुभव को और भी मजेदार बना दिया था। मैं इसका पूरा श्रेय हनी सर और उनकी क्रिएटिव टीम को देना चाहूंगी। नुसरत आने वाले समय में छोरी, हुड़दंग, जनहित में जारी और रामसेतु में नजर आने वाली हैं।

# रकम दोगुनी करने के नाम पर 16लाख की ठगी

रुडकी। रकम दोगुनी करने के नाम पर एक ग्रामीण के साथ दो लोगों ने 16 लाख की ठगी कर डाली। पीडिघ्त के रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया में जमा की गई राशि की रसीद भी दी गई। जांच में वह रसीद भी फर्जी पाई गई। काफी भागदौड़ करने के बाद भी जब ग्रामीण को कोई राहत नहीं मिली तब उसने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव मंडावली निवासी चंद्रपाल पुत्र अमर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंडावली गांव में उसका डेयरी का कारोबार है। उसका दूध उत्तराखंड तथा उत्तर प्रदेश के कई भागों में आपूर्ति होता है। पीडिघ्त का कहना है कि कुछ दिन पूर्व दो व्यक्ति उसके संपर्क में आए। उन्होंने उससे कारोबार करने का अनुरोध किया उसे बताया गया कि वह शेयर मार्किट के जानकार हैं तथा काफी पैसा कमाते हैं जिसके बाद वह भी उनकी बातों में आ गया।

# घर बैठे कंप्यूटर पर काम करने से गर्दन में दर्द? जाने क्या करना है

कोरोना समय के दौरान, आपको ऑफिस के काम के लिए डेस्कटॉप या लैपटॉप पर घर से लगातार काम करना पड़ता है या ऑनलाइन आउटसोर्सिंग से लेकर कंप्यूटर तक लंबे समय तक काम करना पड़ता है। इससे गर्दन, पीठ और कूल्हों में दर्द हो रहा है। लगातार काम के दबाव के कारण यह दर्द दिन पर दिन बढ़ता ही जा रहा है।एक तरफ काम तो दूसरी तरफ दर्द और शारीरिक और मानसिक अनिश्चितता का मेल है। लेकिन आर्थिक जरूरतों के लिए काम करना जरूरी है, इसलिए शरीर को सक्रिय रखना भी जरूरी है। अगर आप काम के बीच में 3 एक्सरसाइज करते हैं, तो आप इन सभी समस्याओं से बहुत आसानी से छुटकारा पा सकते हैं।स्क्वाटरू आपको पहले सीधे खड़े होना होगा। हाथों को दोनों पैरों से अलग रखते हुए क्षैतिज रूप से सामने रखा जाना चाहिए। फिर रीढ़ को सीधा करके आधा बैठ जाएं। फिर से उठो। इस तरह से 3 गुना 15 बार सेट करें। स्क्वाट एक ही समय में पीठ और कमर के लिए अच्छी एक्सरसाइज है। इसलिए अगर आप इस एक्सरसाइज को करते हैं तो स्ट्रेच में बैठने से आपको अपनी पीठ और कमर में होने वाले तनाव से छुटकारा मिल जाएगा।

प्लैंकरू पीठ को अच्छी तरह से रखने के लिए प्लैंक सबसे फायदेमंद एक्सरसाइज है। सबसे पहले अपनी पीठ के बल फर्श पर लेट जाएं। फिर कोहनियों और पंजों पर पूरे शरीर का भार लेकर शरीर को ऊपर उठाएं। इस तरह रुको। 3 से 5 मिनट सेट करें। इससे गर्दन, पीठ और कमर का दर्द कम होगा। इस एक्सरसाइज से रीढ़ की हड्डी भी मजबूत होती है।घुटने का विस्ताररू पहले रेंगने की स्थिति में रहें। फिर बाएं पैर को पीछे की ओर सीधा करें और दाहिने हाथ को सामने की ओर सीधा करें। सीधे चलो। कुछ देर इस पोजीशन में रहने के बाद अपने पैरों और हाथों को नीचे कर लें। फिर दाएं पैर को फिर से इसी तरह उठाएं और बाएं हाथ को सीधा आगे की ओर रखें। इसे कुछ देर के लिए पकड़कर नीचे उतार लें।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक वीना जोशी द्वारा देवभूमि प्रिन्टर्स, सरस मार्केट, हल्द्वानी, नैनीताल रोड, (नैनीताल) से मुद्रित एवं 12, बसन्त विहार छोटी मुखानी, हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड से प्रकाशित।

**सम्पादक : वीना जोशी**

**सभी विवादों का निपटारा हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होगा। प्रकाशित समाचारों के लिए प्रेस उत्तरदायी नहीं है।**